दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 10 अंक : 287 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 12 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# सर्वे में भजनलाल सरकार ने प्रदेश की जनता का भरोसा जीता

## कृषि, उद्योग, निवेश, रोजगार और कानून, पानी बिजली जैसे क्षेत्रों में सरकार के कार्यों से खुश है जनता



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** प्रदेश में भजनलाल सरकार के करीब 2 साल पूरे होने वाले हैं अब तक के कार्यकाल में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश की जनता का भरोसा और विश्वास दोनों जीते हैं इस तथ्य का खुलासा पब्लिक रिसर्च एंड एडवाइजरी सर्विसेज की ओर से प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में लोगों से की गई पूछताछ के बाद तैयार की गई सर्वे की रिपोर्ट में हुआ है। इस सर्वे रिपोर्ट में प्रदेश की जनता ने भजनलाल सरकार को लेकर कहा है कि सरकार के काम और निर्णय का असर दिख रहा है और प्रदेश में तेजी से बदलाव होता हुआ दिख रहा है सर्वे में 64 प्रतिशत लोगों ने उद्योग क्षेत्र में सरकार की ओर से किए गए काम और निर्णय को लेकर विश्वास जताया तथा 63 प्रतिशत लोगों ने प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में सरकार की ओर से इनकम बढ़ाने और अन्य सुविधाओं का विस्तार करने की बात कह कर सरकार के कामों को अच्छा बताया तथा 62 प्रतिशत लोगों ने पिछले कांग्रेस पार्टी की सरकार की तुलना में वर्तमान में कानून व्यवस्था में काफी सुधार बताया और कहा कि प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में सरकार तेजी से काम कर रही है और प्रदेश में अपराधों पर अंकुश लगने के साथ पिछली सरकार की तुलना में कानून व्यवस्था भी काफी मजबूत हुई है । इसी तरह से खेल सामाजिक सुरक्षा युवा नीति जैसे मामलों में भी पिछली सरकार की तुलना में प्रदेश



की भजनलाल सरकार के काम और निर्णय को जनता ने अच्छा बताया 58 प्रतिशत लोगों ने प्रदेश में पानी के क्षेत्र में भजनलाल सरकार की ओर से अच्छा काम करने और अच्छे निर्णय लेने की बात कहकर सरकार के प्रति भरोसा रख इसी तरह से 52 प्रतिशत लोगों ने प्रदेश में बिजली के क्षेत्र में भी सरकार की ओर से किया जा रहे कार्य और निर्णय को अच्छा बताया और सरकार के प्रति विश्वास व्यक्त किया सर्वे रिपोर्ट में प्रदेश के लोगों ने प्रदेश में उद्योग कृषि पानी बिजली रोजगार निवेश कानून व्यवस्था जैसे विषय में प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्य बहुत अच्छे बताए गए हैं और पिछली कांग्रेस पार्टी के सरकार की तुलना में इन सभी क्षेत्रों में प्रदेश की भजनलाल सरकार के कामों के प्रति भरोसा व्यक्ति किया है सर्वे में भजनलाल सरकार के कार्यों और निर्णय को लेकर 48 प्रतिशत लोगों ने सरकार के प्रति विश्वास और भरोसा व्यक्त किया और 21 प्रतिशत लोगों ने सरकार के प्रति सामान्य प्रतिक्रिया व्यक्त की और 31 प्रतिशत लोगों ने भजनलाल सरकार के कामों को कमजोर बताया इस तरह से कह सकते हैं कि प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रदेश की जनता का दिल जीतने की ओर तेजी से बढ़ रही है और लोगों का सरकार के प्रति विश्वास मजबूत होता जा रहा है जानकारी के अनुसार सर्वे करने वाली इस संस्था ने प्रदेश में सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में व्यापक तौर पर लोगों से जाकर विभिन्न विषयों को लेकर पूछताछ की सर्वे में करीब 10000 लोगों से विस्तृत चर्चा की गई और लोगों से एक-एक क्षेत्र में सरकार की ओर से किए गए कार्यों के बारे में पूछा गया लोगों ने खुलकर अपनी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की जिसमें इस सर्वे का जो निचोड़ सामने आया है वह यही है कि प्रदेश के लोग प्रदेश की भजनलाल सरकार के अब तक के कारों और निर्णय से खुश हैं अभी सरकार के 2 साल ही पूरे नहीं हुए हैं लेकिन प्रदेश के लोगों ने प्रदेश सरकार के कार्यों पर अपनी मोहर लगना शुरू कर दिया है जो निश्चित रूप से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी टीम के सदस्यों के उत्साह वर्धन के लिए यह अच्छी खबर है

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह जैसे नेता कई बार भजनलाल सरकार की कर चुके हैं तारीफ

यह सर्वे रिपोर्ट आने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह दोनों ही नेता प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यों और निर्णय की कई बार तारीफ कर चुके हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो अपने मन की बात कार्यक्रम के एक एपिसोड में भी भजनलाल सरकार के कार्यों की तारीफ करके प्रदेश की अन्य सरकारों को भजनलाल सरकार के निर्णय को फॉलो करने को कहा था। इसके अलावा मोदी ने सभाओं में भी खुलकर भजनलाल सरकार के कामों की तारीफ की अमित शाह ने भी चाहे सार्वजनिक सभा हो या पार्टी की मीटिंग या फिर सरकारी कार्यक्रम भजनलाल सरकार के काम और निर्णय की खूब तारीफ की अब जिस तरह से सर्वे में भजनलाल सरकार के प्रति प्रदेश की जनता ने भी अपना भरोसा और विश्वास प्रकट किया है उसके बाद निश्चित रूप से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी टीम के लिए यह एक बहुत बड़ी शुभदायक खबरहै ।

### भाजपा हाई कमान के विश्वास और भरोसे को बरकरार रखने में सफल रहे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जाहिद तौर पर भजनलाल शर्मा पहली बार के विधायक थे और पहली बार के विधायक को ही मुख्यमंत्री के पद पर बिठा देने के बाद हर किसी के दिमाग में यही सवाल खड़ा हो रहा था कि क्या भजनलाल शर्मा इतने बड़े राज्य के शासन की बागडोर ठीक तरह से संभाल पाएंगे इस तरह की चर्चा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में भी उस समय सुनने को मिली लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान होने के पहले महीने में ही उन्होंने पानी के क्षेत्र में बड़े निर्णय लेकर सबको चकित कर दिया एक तरफ जहां ईस्टर्न कैनल योजना को लेकर मध्य प्रदेश से टकराव की स्थिति बनी हुई थी तो मध्य प्रदेश सरकार के साथ समझौता किया तो दूसरी तरफ हरियाणा से यमुना जल समझौता किया और फिर एक के बाद एक हर क्षेत्र में बड़े निर्णय और फैसला अब तक लगातार लेते हुए दिख रहे हैं इन निर्णय का क्रियान्वयन भी मजबूती से कर रहे हैं इसलिए प्रदेश की जनता को सरकार के काम का असर दिख रहा है जो बात सर्वे में भी निकाल कर सामने आई है

# दिल्ली बम धमाका : एनआईए की जांच शुरू, मोदी ने कहा पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)** गृह मंत्रालय ने दिल्ली बम धमाकों की जांच एनआईए को दे दी है इसके बाद इस प्रकरण में कई लोगों से जांच एजेंसी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। देश में अलग-अलग हिस्सों से लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान दौरे पर हैं और उन्होंने भूटान से ही कहा है कि दोषी लोगों को सख्त से सजा दी जाएगी और हर दोषी को पकड़ा जाएगा इस बीच राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने गृहमंत्री अमित शाह से इस पूरे मामले को लेकर बातचीत की है दिल्ली ब्लास्ट पर दुख जताते हुए जापान के प्रधानमंत्री तक इचि ने कहा है कि उन्हें यह जानकर दुख हुआ है कि दिल्ली में हुए विस्फोट में कई अनमोल जान चली गई । उन्होंने जापान सरकार और जनता की ओर से पीड़ित और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा है कि वह घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना करते हैं इस बीच गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि उन्होंने दिल्ली कर ब्लास्ट पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की उन्होंने अधिकारियों को इस घटना के पीछे के प्रत्येक अपराधी का पता लगाने का निर्देश दिया । गृहमंत्री ने आगे कहा कि इस कृत्य में शामिल हर व्यक्ति को हमारी एजेंसियों की कड़ी सजा मिलेगी जानकारी के अनुसार फरीदाबाद पुलिस ने अलफलहा यूनिवर्सिटी में डॉक्टर मुजम्मिल के साथ काम करने वाले छात्रों प्रिंसिपल और फैकल्टी सदस्यों से पूछताछ की है 52 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की गई है फरीदाबाद पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे आतंकी मॉडल्स के बारे में पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने लाल किला परिसर के पास में विस्फोट की अपनी पूरी जांच को तीन महत्वपूर्ण एंगल तक सीमित कर दिया है । दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली पुलिस संदिग्ध की गतिविधियों फरीदाबाद के एक विश्वविद्यालय के संदिग्ध नेटवर्क और घटना में इस्तेमाल किए गए विस्फोटक की प्रकृति पर ध्यान केंद्रित कर रही है दिल्ली धमाके के बाद जांच एजेंसियों का एक्शन जारी है जम्मू कश्मीर के पुलवामा से एक डॉक्टर को हिरासत में लिया है जो एक आतंकी उमर का दोस्त है। जानकारी के अनुसार जिस गाड़ी में धमाका हुआ उस गाड़ी को उमर ही चल रहा था उसका गाड़ी को चलता हुआ फोटो भी जांच एजेंसियों को सीसीटीवी कैमरे से मिल गया है दिल्ली ब्लास्ट में सलमान नाम के शख्स की गाड़ी का इस्तेमाल किया गया है वह गुरुग्राम का रहने वाला है क्राइम ब्रांच उससे पूछताछ कर रही है वह किराए पर यहां रहता है इस मामले में जांच एजेंसी ने डॉक्टर उमर मोहम्मद की मां और उसके दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया ह। यह गिरफ्तारी जम्मू कश्मीर के पुलवामा से हुई है ।



### जांच एजेंसियों को अहम सुराग हाथ लगे कई जगह छापामार कार्रवाई

*इस बम धमाके की जांच कर रही एजेंसी को कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं और फरीदाबाद लखनऊ जम्मू कश्मीर में कई जगह पर छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है । सूत्रों से पता चला है कि डॉक्टर उमर मोहम्मद ही वह कार सवार था जिसने बम धमाके को अंजाम दिया था उसने आत्मघाती हमले को अंजाम देकर यह धमाका किया था वहीं यूपी और हरियाणा में भी संदिग्धों के घर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया । इसमें फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉक्टर शाहीन के जैस मोहम्मद कि भारत में महिला बैंक की कमांडर होने की भी बात सामने आई है । सूत्रों ने बताया कि डॉक्टर उमर मोहम्मद कश्मीर के पुलवामा से ताल्लुक रखता है और फरीदाबाद में जो आतंकी मॉड्यूल पकड़ा गया था । उसमें शामिल डॉक्टर मुजम्मिल का वह करीबी था कार में बॉडीके टुकड़े और हाथ के टुकड़े मिले पास के जैन मंदिर में भी कुछ अवशेष मिले हैं उमर मोहम्मद की मां का डीएनए सैंपल लिया गया है और उसे पहचान होगी कि क्या बॉडी उमर मोहम्मद की थी । जिस गाड़ी में ब्लास्ट हुआ उस गाड़ी का रोडमैप सामने आया है जिसमें गाड़ी ने 8.13 बजे फरीदाबाद से दिल्ली सीमा में प्रवेश किया था 8.02:20 बजे ओखला पेट्रोल पंप पर वह गाड़ी स्पॉट हुई 3.19 बजे गाड़ी लाल किला पार्किंग परिसर में पहुंची 3.18 बजे गाड़ी पार्किंग में घुसी 6.28 बजे गाड़ी बाहर निकली 6.52 बजे गाड़ी में बम धमाका हुआ ।*

### 3 घंटे गाड़ी में ही बैठा रहा हमलावर

गाड़ी पार्किंग में 3.5 बजे घुसी और 6.28 मिनट पर बाहर निकली इस दौरान गाड़ी का ड्राइवर एक सेकंड के लिए भी बाहर नहीं निकला। पुलिस ने गाड़ी के फुटेज की आगे करीब 22 किलोमीटर तक जांच की पता तो चला की गाड़ी बदरपुर बॉर्डर से दाखिल हुई थी ।इसके बाद आश्रम सराय काले खान आईटीओ होते हुए लाल किले की पार्किंग में पहुंची थी। जांच में पता चला है की गाड़ी गुरुग्राम के रहने वाले सलमान की है । सलमान ने यह गाड़ी ओखला में देवेंद्र को बेची देवेंद्र ने गाड़ी अंबाला के एक शख्स को बेची । अंबाला से गाड़ी पुलवामा पहुंची जहां अमीर और तारीख और उमर रशीद का कनेक्शन सामने आया जम्मू कश्मीर पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है। जांच में पता चला है कि आमिर ने गाड़ी पुलवामा के रहने वाले उमर मोहम्मद को दी थी दिल्ली में हुए धमाके के बाद सहारनपुर मुजफ्फरनगर और शामली में एटीएस ने रेड की है। फरीदाबाद मॉडल में गिरफ्तार आदिल के करीबियों की खोजबीन में यह छापामार की गई है लखनऊ में डॉक्टर परवेज के घर पर एटीएस ने छापेमारी की परवेज को मुजम्मिल का करीबी बताया जा रहा है ।

### मारे गए लोग कौन...

दिल्ली में मारे गए लोगों में अमरोहा के दो दोस्त अशोक कुमार और लोकेश अग्रवाल शामिल हैं। इसके अलावा दिल्ली के दवा कारोबारी अमर कटारिया की भी मौत हुई है एक शख्स पंकज सैनी की भी मौत हुई है बाकी अन्य की पहचान की जा रही है ।

# दिल्ली में आतंकवादी हमले के बाद जयपुर और प्रदेश के कई शहरों में सुरक्षा बढ़ाई







### जयपुर एयरपोर्ट रेलवे स्टेशन सिंधी कैंप बस अड्डा हवा महल आमेर किला जंतर मंतर सिटी पैलेस नाहरगढ़ जयगढ़ बिरला मंदिर जल महल इत्यादि सभी जगह पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सोमवार की रात दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद राजधानी जयपुर और प्रदेश के कई प्रमुख शहरों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है क्योंकि जयपुर में पहले भी वर्ष 2008 में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे । जिनमें दर्जनों लोगों की जान चली गई थी और सैकड़ो लोग घायल हुए थे। इसके बाद जयपुर टोंक और प्रदेश के कई हिस्सों में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले लोगों को बड़ी संख्या में पकड़ा गया है। इसके अलावा आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी भी कई बार हुई है । इसलिए जयपुर अजमेर कोटा उदयपुर जोधपुर जैसे शहरों में पुलिस ने भीड़ भरे इलाकों बस स्टैंड रेलवे स्टेशन प्रमुख बाजारों प्रमुख चौराहों और प्रमुख मंदिरों के अलावा प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया गया है तथा पुलिस होटल धर्मशाला मदरसे इत्यादि के नियमित रूप से जांच पड़ताल भी कर रही है। जयपुर में भी सांगानेर एयरपोर्ट सिंधी कैंप बस अड्डा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के प्रबंध मजबूत कर दिए गए हैं ।अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है तथा जयपुर की होटल धर्मशाला मदर से इत्यादि जगहों पर पुलिस की सघन जांच पड़ताल जारी है । पुलिस ने संदिग्ध रूप से घूम रहे लोगों के बारे में सूचना देने के लिए भी पब्लिक को कहा है। इसके अलावा लावारिस वस्तु लावारिस बैग इत्यादि के बारे में पुलिस को सूचना देने के लिए भी लोगों से कहा है जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से देश के कई हिस्सों में भारी मात्रा में आरडीएक्स बरामद की गई है ।इतनी बड़ी मात्रा में आरडीएक्स का बरामद होना इस बात का संकेत है कि हिंदुस्तान में कहीं ना कहीं आतंकवादी कई जगहों पर आतंकवादी घटना को अंजाम देने की रणनीति पर काम जरुर कर रहे हैं जो सोमवार को साफ नजर भी आया जब दिल्ली में बड़ा धमाका हुआ इसलिए जयपुर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है ।प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों आमेर किला जल महल जयगढ़ नारगढ़ जंतर मंतर सिटी पैलेस बिरला मंदिर के अलावा शहर के प्रमुख गोविंद देव जी मंदिर तारकेश्वर जी मंदिर मोती डूंगरी गणेश मंदिर सहित पर कोटे में स्थित अन्य सभी बड़े मंदिर जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। वहां पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है और वहां मौजूद व्यापारियों तथा और लोगों से भी कहा है कि वह पुलिस का पूरा सहयोग करें और लावारिस वस्तु बैग को छूने की वजह तुरंत पुलिस को सूचित करें तथा किसी की अगर कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो उसके बारे में तुरंत पुलिस को सूचित भी करें ।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
12 नवम्बर, 2025

## राज्य स्तरीय अंडर 14 (बॉयज) क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 के लिए अलवर टीम चयन हेतु रजिस्ट्रेशन शुरू 13 नवंबर से

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आर.सी.ए. एडहॉक कमेटी के सदस्य व जिला क्रिकेट संघ, अलवर के अध्यक्ष मोहित यादव के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर 14 (बॉयज) क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 में भाग लेने के लिए अलवर टीम चयन हेतु रजिस्ट्रेशन 13 व 14 नवम्बर को समय प्रातः 11.00 बजे से 4.00 बजे तक किया जायेगा। अतः जो खिलाड़ी रजिस्ट्रेशन कराना चाहते हैं वो अपने सभी दस्तावेज़ों के साथ सारिका यादव फार्म हाऊस, जसवन्त नगर टेल्को सर्किल, तिजारा बाईपास अलवर पहुँच कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को अपने सभी ओरिजिनल दस्तावेजों (आधार कार्ड स्वयं का, आधार कार्ड माता-पिता, डिजिटल जन्म प्रमाण-पत्र, डिजिटल मूल निवास प्रमाण-पत्र, मार्कशीट अंतिम 3 वर्ष) के साथ-साथ एक फॉटोकॉपी भी साथ लाना अनिवार्य है। नोटः-इस प्रतियोगिता हेतु केवल वही खिलाडी पंजीकरण करा सकते है जिनका जन्म 01 सितम्बर 2011 से 31 अगस्त 2013 के बीच में हुआ हों।

## ढ़िस में सीसी सड़क और विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम ढ़िस में मंगलवार को 13 लाख रुपए की लागत से बनी श्मशान मार्ग की सीसी सड़क और 15 लाख रुपए से निर्मित विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन भाजपा नेता डॉ मोहित यादव और प्रधान बस्तीराम यादव ने किया कार्यक्रम में डॉ मोहित यादव ने विधायक कोटे से पावर हाउस से जलालपुर रोड तक पांच लाख रुपए की ग्रेवल सड़क बनाने की घोषणा की। वहीं प्रधान बस्तीराम यादव ने बताया कि ग्राम ढ़िस में 33/11 केवी जीएसएस उनके उप जिला प्रमुख कार्यकाल में स्वीकृत हुआ था और अब विधायक डॉ जसवंत यादव द्वारा गांव से जलालपुर तक 80 लाख की डामर सड़क स्वीकृत करवाई गई है। लोकार्पण पर ग्रामीणों ने प्रधान और विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ममता गुप्ता, सरपंच मनोज जांगिड़, ACBEO गजेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। संचालन शिक्षक उदयभान ने किया।

## सेनावासा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सेनावासा(निसं.)।** रा.उ.मा.वि. सेनावासा और ग्राम पंचायत सेनावासा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सांसद खेल महोत्सव 2025 की शुरुआत हुई। समाजसेवी एवं स्थानीय उपसरपंच हरीश कलाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रधानाचार्य प्रवीणा सोलंकी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिओम मानव सेवा संस्थान के सचिव जितेंद्र कलाल, लेम्स अध्यक्ष ऐलाश निनामा, संयोजक धर्मेंद्र गोस्वामी, युवा नेता विदेश निनामा, हरीश गर्ग, वार्ड पंच कानजी और बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य मुनव्वर सुल्ताना उपस्थित थे। मुख्य अतिथि हरीश कलाल ने कहा कि सरकार द्वारा ऐसे आयोजनों से छात्रों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने का मार्ग खुलता है। उन्होंने बताया कि विभिन्न खेलों में प्रथम आने वाली टीमों को 1500 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी कार्यक्रम में पीईईओ अधीनस्थ स्कूलों का स्टाफ तथा स्थानीय विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका राजेश्वरी व्यास, ललिता यादव और रेखा बुझ ने निभाई।

## मंदिर सुरक्षा मुद्दों पर पुजारी महासंघ की बैठक, रैली का ऐलान




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान पुजारी महासंघ अलवर ने मंगलवार को भर्तृहरि धाम में सर्व समाज संगठनों के साथ बैठक की। बैठक में मंदिरों में बढ़ती चोरी, भूमि कब्जा, नशाखोरी और मूर्तिभंजन की घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई गई महासंघ ने घोषणा की कि इन घटनाओं के विरोध में 12 नवंबर को सुबह 11 बजे भवानी तोप से मिनी सचिवालय तक घंटे घड़ियाल बजाते हुए जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी और जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा जाएगा बैठक में जिला ब्राह्मण सभा, युवा ब्राह्मण सभा, विप्र सेना, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित कई संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### आरएएस भर्ती-2024'

## ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम सब्मिट करने का अंतिम अवसर

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं (संयुक्त प्रतियोगी) परीक्षा-2024 के अन्तर्गत मुख्य परीक्षा परिणाम में सफल घोषित अभ्यर्थियों को ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम सब्मिट करने का अंतिम अवसर दिया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि 8 अक्टूबर 2025 को जारी परिणाम में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम भरे जाने हेतु पूर्व में 30 अक्टूबर से 10 नवंबर 2025 तक अवसर प्रदान किया गया था। उक्त देय अवसर के तहत ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम नहीं भरने वाले अभ्यर्थियों को एक अंतिम अवसर दिनांक 12 से 13 नवंबर 2025 तक प्रदान किया जा रहा है। अतः जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम नहीं भरा है, ऐसे अभ्यर्थी समयान्तर्गत ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम भरना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम भरने हेतु अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। उक्त संबंध में शेष शर्तें प्रेस-नोट दिनांक 24 अक्टूबर 2025 के अनुसार यथावत् रहेगी।

# वन राज्य मंत्री ने "राष्ट्रगीत वन्देमातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का प्रतीक- वन राज्य मंत्री संजय शर्मा

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने राष्ट्रगीत वन्देमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर विकास न्यास एवं नगर निगम संयुक्त तत्वाधान में शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और वीरांगनाओं का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने वन्देमातरम वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति श्रद्धा, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत भारत के स्वाधीनता आंदोलन का मूल मंत्र रहा। वंदे मातरम हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों और राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह गीत हमें हमारे कर्तव्य, कर्म और कर्मभूमि के प्रति सदैव समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि हम अपने महान सेनानियों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर निगम व नगर विकास न्यास द्वारा लाल डिग्गी पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर यूआईटी सचिव धीग्दे स्नेहल नाना ने उपस्थित जन को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान यूआईटी के भूमि अवाप्ति अधिकारी जितेन्द्र सिंह नरूका ने प्रतिभागियों को भारत के स्वतंत्राता संग्राम में राष्ट्रगीत के गरीमा पूर्ण ऐतिहासिक योगदान की जानकारी दी। कार्यक्रम में राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का सामुहिक गायन हुआ तथा स्वच्छता एवं कचरा पृथककरण पर थीम पर नुक्कड नाटक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, यूआईटी की सचिव धीग्दे स्नेहल नाना, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, यूआईटी के भूमि अवाप्ति अधिकारी जितेन्द्र सिंह नरूका, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, यूआईटी के अधीक्षण अभियंता तैयब खान सहित प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।

## किसानों के हित में कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से मंगलवार को किसानों के हित में कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम जिला कलक्टर अलवर को ज्ञापन सौंपा गया। जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि ज्ञापन में जिला कलेक्टर अलवर को अवगत कराया गया कि गिरते हुए प्याज के दामों से किसानों को घाटा हो रहा है। इससे बचाने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि जिस प्रकार प्याज के दाम लगातार गिर रहे हैं, उससे किसानों को भारी आर्थिक हानि हो रही है। कई किसान अपनी फसल खेतों में नष्ट करने को मजबूर हैं, जिससे वे कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं।
कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिश्रा ने मांग की है कि राजस्थान सरकार किसानों के हित में तत्काल कदम उठाए और प्याज सहित सभी फसलों, बाजरा, ज्वार, मक्का, गेहूं, चना, सरसों आदि पर एमएसपी (रूस्क्क) लागू कर किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाया जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में एमएसपी की गारंटी देने का वादा किया था, लेकिन उसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। कांग्रेस पार्टी ने आग्रह किया है कि सरकार किसानों की फसल को उचित दर पर स्वयं खरीदने की व्यवस्था करे, ताकि किसानों को हो रहे नुकसान से बचाया जा सके और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।
जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि ज्ञापन देने वालों में योगेश मिश्रा, जमशेद सरपंच, राकेश बैरवा, साहुन खान, हिरेंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, राजेश विरमानी, सूरजभान मेहरा सहित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## लोहा मंडी रोड हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि, स्थानीय लोगों ने उपमुख्यमंत्री से रखीं मांगें

जयपुर टाइम्स




**जयपुर/विद्याधर नगर।** कुछ दिन पहले लोहा मंडी रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की याद में सामूहिक श्रद्धांजलि सभा हुई। बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन शामिल हुए। सभी ने दिवंगत आत्माओं के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और शांति के लिए प्रार्थना की। लोगों ने कहा कि ऐसी घटनाएँ बताती हैं कि शहर में सुरक्षित सड़कें, बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन और समय पर रखरखाव बेहद जरूरी है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी लोहा मंडी रोड पर पहुंचीं। स्थानीय लोगों ने उनसे कई मांगें रखीं, ताकि भविष्य में दुर्घटनाएँ कम हों और आवागमन सुरक्षित बने। प्रमुख मांगें इस प्रकार रहीं–

1. लोहा मंडी रोड के सामने एक्सप्रेस हाईवे पर अंडरपास बनाया जाए, ताकि कटिंग और यू-टर्न की अव्यवस्था नहीं हो।
2. सर्विस रोड को 14 नंबर से दादी का फाटक तक अतिक्रमण-मुक्त कर पूरी तरह दुरुस्त किया जाए।
3. क्षेत्र की सेक्टर सड़कों को प्लान के मुताबिक निकालकर चालू किया जाए, ताकि ट्रैफिक का दबाव बंटे।
4. एक्सीडेंट पॉइंट के पास लगे बड़े बिजली पोल को छोटे, सुरक्षित पोल से बदला जाए।
5. सभी सड़कों का निर्माण और चौड़ाईकरण साल 2002 की स्वीकृत योजना के अनुसार किया जाए।

राजश्री बिहार के अध्यक्ष सुभाष गोदारा ने 60 फीट रोड की मांग वाला पत्र सौंपा। झबर सिंह राठौड़ ने सर्विस रोड को अतिक्रमण-मुक्त करने और तुरंत निर्माण कराने के लिए मांग रखी। क्षेत्र की कई विकास समितियों और महा समिति ने भी लगातार पत्र देकर समर्थन जताया। इससे साफ है कि इलाके में जागरूकता बढ़ी है और लोग मिलकर समाधान चाहते हैं। स्थायी समाधान होने तक लोगों ने अंतरिम कदमों की भी मांग की–हादसा-प्रवण स्थानों पर स्पीड ब्रेकर/रम्बल स्ट्रिप, चेतावनी बोर्ड, बेहतर स्ट्रीट लाइट, रिफ्लेक्टर, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, और पुलिस/ट्रैफिक की नियमित निगरानी। उपमुख्यमंत्री के सकारात्मक रवैये से लोगों में उम्मीद जगी है। स्थानीय निवासियों ने भरोसा जताया कि प्रशासन, निगम, पीडब्ल्यूडी और ट्रैफिक पुलिस मिलकर जल्द ठोस कदम उठाएँगे, जिससे सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित हो सके।

## स्वच्छता पर सख्तीः पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के निर्देश, रोज़ तय समय पर 'वंदे मातरम'-'जन गण मन'

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने साफ संदेश दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। सचिवालय में प्रदेश की सभी जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी नियमित सफाई में ढिलाई मिले, संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मंत्री दिलावर ने कहा कि लंबे समय से ग्राम पंचायतों को रोजाना सफाई व कचरा संग्रहण के निर्देश दिए जा रहे हैं, इसके बावजूद कई स्थानों पर गंदगी मिलना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने सहायक विकास अधिकारी से लेकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तक–हर स्तर पर जवाबदेही तय करने को कहा। साथ ही सभी अधिकारी प्रति माह चार रात्रि गांव में विश्राम कर नियमित निरीक्षण करें, जिसमें स्वच्छता स्थिति का मूल्यांकन अनिवार्य रूप से शामिल हो। ग्राम सभाओं के एजेंडा पर जोर देते हुए उन्होंने याद दिलाया कि 2 अक्टूबर, गांधी जयंती को प्रत्येक ग्राम पंचायत में "एक चारागाह एक पंचायत" गतिविधि के प्रस्ताव, जलाशय-कुंड-बावड़ी की मरम्मत और अतिक्रमण हटाने के प्रस्ताव पारित होने चाहिए थे। जहां यह नहीं हुआ है, वहां 15 नवंबर तक ग्राम सभा आयोजित कर प्रस्ताव पारित कर भेजे जाएं। पारदर्शिता के लिए मंत्री ने निर्देश दिया कि ग्राम सभा बैठकों की फोटो, वीडियो और मिनट्स "राजस्थान पंचायत पोर्टल" तथा सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाएं ताकि जनभागीदारी बढ़े और निगरानी सुदृढ़ हो। बैठक में विभागीय कार्यालयों में राष्ट्रगान-राष्ट्रगीत का समय भी निर्धारित किया गयाः प्रतिदिन प्रातः 9:35 बजे 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन से कार्य दिवस शुरू होगा और सायं 5:55 बजे 'जन गण मन' के सामूहिक गायन से समापन होगा। इन आयोजनों की जियो-टैगिंग (त्नक्कस् आधारित) से उपस्थिति व समय-स्थान का सत्यापन किया जाएगा; इसके लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में शासन सचिव एवं आयुक्त डॉ. जोगाराम, अतिरिक्त आयुक्त व विशिष्ट शासन सचिव बृजेश चंदोलिया, निदेशक (स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण) सलोनी खेमका सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियानः 2.88 लाख से अधिक लोग जागरूक, 31 हजार से ज्यादा चालकों पर तेज रफ्तार की कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप प्रदेशभर में 4 से 18 नवम्बर तक चल रहे 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत विभागों की संयुक्त कार्रवाई तेज हो गई है। 4-10 नवम्बर के दौरान पुलिस ने 2,88,906 नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया, जबकि नियम तोड़ने वालों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की गई। तेज गति से वाहन चलाने पर 31,613, शराब पीकर वाहन चलाने पर 4,979, गलत दिशा में ड्राइविंग पर 22,773, खतरनाक ड्राइविंग पर 2,129, बिना रिफ्लेक्टर 6,549 और बिना नंबर प्लेट 12,453 वाहन चालकों के विरुद्ध चालान किए गए। राजमार्गों पर एनएच-48 मॉडल के अनुरूप लेन ड्राइविंग लागू कराने के लिए पुलिस जाप्तों ने व्यापक जागरूकता के साथ मौके पर सख्ती बरती। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने 10 नवम्बर तक कुल 12,453 वाहनों के चालान किए। इनमें मालवाहक वाहनों में ओवरलोडिंग के 805, मालवाहक में यात्री मिलने पर 293 और अन्य उल्लंघनों पर 8,245 चालान शामिल हैं। यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियाँ मिलने पर 145, छत पर सामान रखने पर 26 बसों तथा अन्य उल्लंघनों पर 1,533 चालान किए गए। विभाग ने 308 ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त, 65 वाहन पंजीकरण रद्द, 33 परमिट कैंसिल किए तथा 608 वाहनों को सीज किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने 11 नवम्बर को राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर चलने वाले 1,334 ट्रक/बस चालकों की नेत्र जांच कर 196 जरूरतमंदों को चश्मे वितरित किए। अब तक 8,006 चालकों की जांच कर 1,263 चश्मे वितरित हो चुके हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग ने कई जिलों में सड़क किनारे झाड़ियाँ हटाने, स्पीड ब्रेकर दुरुस्त करने, चेतावनी/साइन बोर्ड लगाने और अनधिकृत कट बंद करने के कार्य किए। नगरीय विकास व स्थानीय निकायों ने फुटपाथों से अतिक्रमण हटाया, स्ट्रीट लाइट दुरुस्त कीं और निराश्रित पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर भिजवाया। अभियान अवधि में नियमों का पालन व बुनियादी सुधार दोनों मोर्चों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

# वन्देमातरम के दिव्य एवं भव्य जयघोष से गुंजायमान हुआ आवासन भवन

### 'वन्देमातरम@150' एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### कलाकारों ने देशभक्ति की आकर्षक स्वरलहरियों से किया मंत्रमुग्ध

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा, राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक और जन-जन के उत्साह के स्रोत राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को राजस्थान हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय, जयपुर में विशेष कार्यक्रम 'वन्देमातरम@150' एवं स्वदेशी संकल्प समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के उन प्रेरणादायी मूल्यों को स्मरण करना था, जिन्होंने भारतीय जनमानस में स्वाभिमान, एकता और आत्मनिर्भरता की भावना को जागृत किया।

**स्वदेशी संकल्प के साथ गूंजा देशभक्ति का स्वर**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित इस अवसर पर राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत 'वन्देमातरम' का संगठित गायन किया। पूरे परिसर में देशभक्ति की तरंगें प्रतिध्वनित होती रहीं। इस अवसर पर सभी ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तथा स्थानीय उत्पादों के सम्मान का संकल्प लिया। आवास भवन का प्रत्येक कोना तिरंगे की आभा और राष्ट्रभक्ति के उल्लास से ओतप्रोत दिखाई दिया। उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों, माँ भारती के सपूतों और स्वदेशी आंदोलन के प्रेरणास्रोतों को नमन किया।

### 'वन्देमातरम' भारत की आत्मा का प्रतीक - डॉ. रश्मि शर्मा

*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि 'वन्देमातरम' केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतीक है। यह गीत उस भावना का परिचायक है जिसने अंग्रेज़ी हुकूमत की जंजीरों को तोड़ने का साहस जन-जन में भरा और भारत को स्वतंत्रता के पथ पर अग्रसर किया। आज भी यह गीत हर भारतीय के हृदय में देशप्रेम और कर्तव्यबोध की ज्योति प्रज्वलित करता है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक स्वावलंबन का मंत्र नहीं, बल्कि यह राष्ट्रगौरव का भाव है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और आत्मनिर्भरता के पथ पर ले जाता है। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना, स्वदेशी भावना और एकात्मता के जीवंत प्रदर्शन का प्रतीक बन गया। उपस्थितजनों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में 'वन्देमातरम' की भावना को आत्मसात कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनेंगे। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने एकस्वर में 'भारत माता की जय' और 'वन्देमातरम' के जयघोष से पूरे परिसर को गूंजायमान कर दिया।*

# खुशखबरी ! नारगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में हिमाचल के ब्लैक बियर आ रहे हैं

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** जयपुर दिल्ली सड़क मार्ग पर आमेर कुंडा के निकट स्थित नारगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में जम्मू चिड़ियाघर से ब्लैक बियर शिफ्ट किया जा रहे हैं हिमाचल के ब्लैक बियर को जम्मू चिड़ियाघर से यहां लाने के लिए अधिकारियों के एक विशेष टीम मंगलवार को जम्मू के लिए रवाना हो गई ब्लैक बियर के बदले जम्मू चिड़ियाघर को यहां से तीन जरक एक घड़ियाल और एक मगरमच्छ दिए जाएंगे इसके लिए आपस में समझौता हो गया है और वन्य जीवों को एक दूसरी जगह पर शिफ्ट करने की कार्रवाई भी शुरू हो गई है उल्लेखनीय है कि आमेर कुंडा के निकट स्थित नारगढ़ बायोलॉजिकल पार्क देश और विदेश के पर्यटकों में आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है यहां पर टाइगर सफारी की भी व्यवस्था है लेकिन पिछले दिनों यहां पर्यटकों से भारी जीत टाइगर सफारी के खराब रास्ते में फस गई थी और उस समय ही एक टाइगर पर्यटकों की गाड़ी के आसपास विचरण करता हुआ पर्यटकों को दिखा जिस पर पर्यटक घबरा गए थे हालांकि कुछ पर्यटक टाइगर को देखकर घबरा गए थे तो कुछ पर्यटकों ने अपने मोबाइल से वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था जिसके बाद हर कोई यह कह रहा था कि अगर टाइगर ने पर्यटकों पर अटैक कर दिया तो क्या होगा इसके बाद यह मामला वन विभाग और राजस्थान सरकार से जुड़े बड़े अधिकारियों तक भी पहुंच गया था जिसके बाद सरकार इस पूरे मामले की जांच भी करवा रही है तथा नारगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में बरसात की वजह से खराब हुए रास्तों और सड़कों को सुधार भी जा रहा है ताकि फिर से पर्यटकों की गाड़ी फंसे नहीं ।

# ईआरसीपी का कार्य निर्धारित समय पर होगा पूरा : सुरेश सिंह रावत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने पत्रकारों को बताया कि ईआरसीपी का कार्य निर्धारित समय पर पूरा होगा और राजस्थान सरकार के 2 साल पूरे होने पर इसका असर भी धरातल पर देखने को मिलेगा उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते पर भी सरकार तेजी से कार्य कर रही है यमुना जल समझौते की डीपीआर बनाई जा रही है उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश के पूरब , पश्चिम, उत्तर, दक्षिण सभी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पीने का समुचित पानी उपलब्ध करवाने और किसानों को खेतों में समुचित पानी उपलब्ध कराने की दिशा में कई बड़े निर्णय और फैसले लिए जिन पर तेजी से काम चल रहा है उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शुरू के पहले साल में सबसे ज्यादा फोकस पानी के क्षेत्र पर ही रखा और पानी के क्षेत्र में ही कई बड़े फैसले किए गए जो प्रदेश की जनता और किसानों के लिए वरदान साबित होंगे पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुरेश सिंह रावत ने कहा कि भजनलाल सरकार ने पानी के अलावा हर क्षेत्र में अब तक ऐतिहासिक कार्य किए हैं सरकार ने जो कार्य किए हैं इतने कार्य पिछली सरकार ने पूरे 5 साल में भी नहीं किया उन्होंने कहा कि अभी सरकार के 2 साल ही पूरे नहीं हुए हैं लेकिन एक तरफ सरकार ने कई बड़े फैसले लिए तो दूसरी तरफ सरकार की ओर से विधानसभा चुनाव के दौरान जो वादे संकल्प पत्र में किए गए थे। उनमें अधिकांश वादों को पूरा कर दिया गया। इसके अलावा हमारी सरकार ने बजट में अब तक जो जो वादे किए उन वादों को भी धरातल पर ला रही है। जल संसाधन मंत्री रावत ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार केंद्र की मोदी सरकार के मार्गदर्शन और सहयोग से एक तरफ प्रदेश के विकास को तेजी से आगे बढ़ा रही है तो दूसरी तरफ प्रदेश की जनता के हितों की रक्षा के लिए और जनता के कल्याण के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करने की दिशा में काम कर रही है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि प्रदेश भजनलाल सरकार के प्रति प्रदेश के युवाओं का भरोसा काफी मजबूत हुआ है क्योंकि पिछली गहलोत सरकार में सभी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने की वजह से एक तरफ जहां सरकारी नौकरियां टैलेंटेड युवाओं को नहीं मिल रही थी तो दूसरी तरफ सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक गड़बड़ी की शिकायतों से भर्ती परीक्षाओं का आयोजन अटक गया था। जिसकी वजह से प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती गई लेकिन आज प्रदेश की सरकार हर साल 100000 युवाओं को नौकरी देने की दिशा में काम कर रही है इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी निजी कंपनियों को प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर देने के लिए निर्देशित कर रही है ।तथा स्कूल डेवलपमेंट कार्यक्रम के माध्यम से निर्देशित कर रही है तथा भजनलाल सरकार स्कूल डेवलपमेंट कार्यक्रम के माध्यम भजनलाल सरकार स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के माध्यम से भी बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रही है। मंत्री रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कई भर्ती परीक्षाओं का आयोजन करवाया लेकिन अभी तक एक भी भर्ती परीक्षा में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी और पेपर लीकजैसी कोई घटना सामने नहीं आई। इसी वजह से प्रदेश के युवा प्रदेश के भजन लाल सरकार को काफी पसंद कर रहे हैं ।

## सहायक उप निरीक्षक को 20000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मंगलवार को प्रदेश के नागौर जिले में मेड़ता सिटी पुलिस स्टेशन में तैनात सहायक उप निरीक्षक को 20000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एंटी करप्शन ब्यूरो कि इस कार्रवाई के बाद पुलिस स्टेशन में तैनात अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई है एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम गिरफ्तार अभियुक्त रामस्वरूप से आवश्यक पूछताछ कर यह पता भी लग रही है कि रिश्वत की जो रकम बरामद की गई है उसमें किसी अन्य पुलिसकर्मी का हिस्सा तो तय नहीं है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त रामस्वरूप है जो मेड़ता सिटी पुलिस स्टेशन में सहायक उप निरीक्षक पद पर तैनात है जिसने परिवादी से पुलिस में दर्ज एक मामले में गवाह को मुलजिम नहीं बनाने के बदले रिश्वत की रकम मांगी थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई थी ब्यूरो के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो ने आरोपी रामस्वरूप को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक योजना तैयार की इसी योजना के तहत मंगलवार को परिवादी ने जैसे ही सहायक उप निरीक्षक रामस्वरूप को रिश्वत के 20000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ रामस्वरूप को मौके पर ही दबोच लिया ।

## सूरजपोल मंडी में एसीबी की कार्रवाई, मंडी के सहायक कृषि सचिव को रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मंगलवार को राजधानी जयपुर में सूरजपुर मंडी में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए मंडी में सहायक कृषि सचिव पद पर तैनात इंद्र मीणा को 8000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है मंडी में एंटी करप्शन ब्यूरो की हुई इस कार्रवाई के बाद खलबली मच गई एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम अब गिरफ्तार अभियुक्त से आवश्यक पूछताछ कर रही है तथा उसकी ओर से निपटाए गए तमाम तरह की फाइलों और दस्तावेजों की भी जांच पड़ताल कर रही है एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों का कहना है कि ऐसा लगता है कि गिरफ्तार अभियुक्त बिना पैसा दिए कोई काम नहीं कर रहा था इसलिए अब से पहले भी उसने जो काम मंडी से संबंधी निपटाए हैं कहीं ना कहीं उनके भी पैसे जरुर लिए होंगे इसलिए इंद्र मीणा की ओर से संपादित की गई सभी पिछली फाइलों की जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त इंद्र मीणा ने लाइसेंस जारी करने के बदले रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने आरोपी इंद्र मीणा को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक योजना तैयार की इसी योजना के तहत मंगलवार को जैसे ही परिवादी ने इंद्र मीणा को रिश्वत के 8000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ इंद्र मीणा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया ।

## दूदू में निर्माणाधीन मकान गिरा, इलाके में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दूदू में गणेश कॉलोनी में मंगलवार को एक निर्माणाधीन मकान के गिरने की वजह से वहां काम कर रहे चार-पांच मजदूर दब गए जिन्हें मलबे से बाहर निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है सूचना मिलने के बाद डीएसपी दीपक खंडेलवाल और अन्य पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मलबे को हटाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू किया गया खबर लिखे जाने तक इस हादसे में किसी के मौत होने की जानकारी नहीं मिली थी लेकिन इस हादसे में कुछ लोगों के घायल होने की बात जरूर कहीं जा रही है जानकारी के अनुसार दूदू पुलिस स्टेशन के पीछे गणेश कॉलोनी में एक मकान में निर्माण कार्य चल रहा था जिसमें मकान की छत को भरा जा रहा था इसी दौरान फेंट और बलिया निकल जाने की वजह से छत और निर्माणाधीन मकान की बिल्डिंग गिर गई जिसकी वजह से वहां काम कर रहे मजदूरों में दहशत फैल गई कुछ मजदूर मलबे के नीचे दब गए थे जिन्हें बाहर भी निकल गया और तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भी भेजा गया । उल्लेखनीय है कि सोमवार को भी जयपुर के सुभाष चौक थाना इलाके में एक निर्माणाधीन मकान गिर गया था जिसमें मकान मालिक की मौत भी हुई थी और कुछ लोग घायल भी हो गए थे इसके अगले ही दिन मंगलवार को जयपुर के निकट दूदू में जिस तरह से निर्माण अधीन मकान गिरा है उसके बाद गणेश कॉलोनी और आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में घबराहट छा गई हालांकि घटना के बाद बड़ी संख्या में मौके पर लोग जमा हो गए और राहतकारियों में लोगों ने अपनी भागीदारी भी दिखाई ताकि इस हादसे में किसी की जान ना चली जाए फिलहाल पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है ।

## *दिनदहाड़े भाजपा नेता को गोली मारी, बाइक पर सवार था हेलमेट धारी बदमाश*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के चित्तौड़गढ़ शहर के कोतवाली थाना इलाके में सिटी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को दिनदहाड़े बाइक पर सवार हेलमेट धारी बदमाश ने स्कूटी पर सवार भाजपा नेता के गोली मार दी जिससे भाजपा नेता मौके पर ही घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दिनदहाड़े चित्तौड़गढ़ में हुई इस घटना के बाद पूरे शहर में दहशत फैल गई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में इस घटना को लेकर गुस्सा छाया हुआ है सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे के आधार पर फरार बदमाश को पहचानने के प्रयास में गंभीरता से जुटी हुई है। मौके पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे में बाकायदा बदमाश की ओर से फायर किए जाने का दृश्य कैद हुआ है इसमें बदमाशी की मोटरसाइकिल भी साफ दिख रही है लेकिन मोटरसाइकिल पर अंकित नंबर ठीक तरह से दिखाई नहीं दे रहे फिर भी पुलिस तकनीकी आधार पर मोटरसाइकिल के नंबर पता कर बदमाश को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 से 2022 तक चित्तौड़गढ़ शहर भाजपा के मंत्री रहे रमेश ईनाणी स्कूटी पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे तभी सिटी पेट्रोल पंप के पास पीछा कर रहे बाइक पर सवार हेलमेट धारी बदमाश ने उन पर दो फायर किए पहली गोली रमेश कीप पीठ से आर पार हो गई और दूसरी गोली उसके पांव में फस गई जिसकी वजह से वह घायल होकर स्कूटी से गिर गया बाद में आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया पुलिस ने घटना के बाद आसपास के पूरे इलाके में मौजूद सीसीटीवी कैमरा के रिकॉर्ड टीवी जांच पड़ताल करके बदमाश की मोटरसाइकिल के नंबर जानने का प्रयास कर रही है इसके अलावा घायल भाजपा नेता के स्वस्थ होने का भी इंतजार किया जा रहा है भाजपा नेता के परिजनों से भी पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि रमेश ईनाणी की किसी से किसी बात को लेकर कोई दुश्मनी तो नहीं चल रही थी या फिर किसी भी तरह का कोई धमकी उसे मिली हुई थी इन सब के बारे में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है पुलिस का संदेह है कि फायरिंग की घटना के पीछे या तो कोई पुरानी दुश्मनी हो सकती है या कोई बिजनेस संबंधी कोई कारण फिलहाल पुलिस फरार बदमाश की तलाश कर रही ।


## विश्व पर्यटन में भारत और राजस्थान का विशेष महत्वः गजेंद्र सिंह शेखावत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जोधपुर सांसद और केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अभी हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यटन संगठन की ओर से बड़ी बैठक का आयोजन किया गया था इस बैठक में करीब 100 देश के पर्यटन मंत्री और करीब डेढ़ सौ देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे ।बैठक में टूरिज्म से जुड़े तमाम छोटे बड़े विषयों को लेकर सामूहिक चर्चा हुई जिसमें इको टूरिज्म टूरिज्म को सस्ता और सुगम बनाने तथा टूरिज्म के प्रचार प्रसार जैसे कई मुद्दों को लेकर सामूहिक मंथन और विचार विमर्श किया गया। शेखावत ने कहा कि यह बैठक में केवल टूरिज्म सेक्टर को बढ़ावा देने और मजबूत करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संघ की पर्यटन संगठन की ओर से आयोजित की गई थी बल्कि इस बैठक के माध्यम से विश्व के सभी देशों में आपस में तालमेल समन्वय और भाईचारा की भावना मजबूत हो तथा विश्व के विभिन्न देशों की कला और संस्कृति का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रचार हो लोग ज्यादा से ज्यादा एक दूसरे की कला और संस्कृति के बारे में जाने पहचाने इसके लिए बैठक में मौजूद सभी देशों के प्रतिनिधियों ने अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि विश्व पर्यटन में भारत और राजस्थान का अपना एक अलग विशेष स्थान है इसलिए भारत के पर्यटन क्षेत्र को गति देने तथा भारत के पर्यटन स्थलों का दुनिया भर में प्रचार प्रचार करने के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों की कला और संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए भी केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। शेखावत ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में बताया कि बिहार में विकास और लोकतंत्र की जीत होगी उन्होंने कहा कि 20 साल पहले बिहार में जो जंगल राज की स्थिति बनी हुई थी उस जंगल राज को समाप्त करने में एनडीए सरकार की बड़ी भूमिका रही वहां पर अब विकास की गंगा बह रही है वहां के युवा बिहार में ही अपने टैलेंट को विकसित कर रहे हैं पहले बिहार के युवा दूसरे राज्यों में रोजगार की तलाश के लिए जाया करते थे लेकिन अब वहां पर युवाओं को बिहार में ही रोजगार मिल रहा है वहां हर क्षेत्र में विकास हुआ है इसके अलावा केंद्र की मोदी सरकार ने भी बिहार को हजारों करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है जिसकी वजह से बिहार कर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है इसलिए वहां इस बार भी एनडीए की जीत निश्चित है वहां विकास की जीत निश्चित है । एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र में भी डबल इंजन सरकार के कार्यों को देखकर वहां भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोग अच्छा मतदान करेंगे और वहां अच्छे वोटो से भारतीय जनता पार्टी जीतेगी ।

# सुधांशु पंत की विदाई के बाद अगला मुख्य सचिव कौन ?



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सुधांशु पंत की विदाई के बाद प्रदेश के मुख्य सचिव पद पर किसकी ताजपोसी होगी अब यह सवाल प्रदेश की जनता और शासन सचिवालय के गलियारों में हर किसी के जेहन में तैर रहा है ब्यूरोक्रेसी की गलियारों में इस समय तीन नाम सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बने हुए है। इनमें अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा और अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल इन तीनों अधिकारियों के पास प्रशासनिक अनुभव भी है और सचिवालय में पकड़ भी है । देखने वाली बात यह है कि क्या इन तीनों अधिकारियों में से किसी को मौका मिलेगा या फिर सीनियर अधिकारी से इतर किसी जूनियर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को इस सबसे बड़े पद पर बिठाया जाएगा जानकार लोगों का कहना है कि अभय कुमार सबसे सीनियर हैं और अगस्त 2028 तक सेवा में हैं इसलिए स्थिर कार्यकाल और अनुभव उनके सबसे बड़ी ताकत माने जा सकते हैं अखिल अरोड़ा योजनाओं के क्रियान्वयन बजट और फाइल वर्क की बेहद संतुलित छवि वाले अवसर हैं जिन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय में भरोसेमंद माना जाता है ।इसी तरह से शिखर अग्रवाल अपनी तेज फाइल मोमेंट निर्णय लेने की क्षमता और सिस्टम पर पकड़ के लिए जाने जाते हैं और जुलाई 2030 तक सेवा में है इसलिए उनका टेन्योर सबसे लंबा बैठता है। इसके अलावा आनंद कुमार का नाम भी सुर्खियों में है इन अधिकारियों के अलावा शुभ्रा सिंह और सुबोध अग्रवाल के नाम भी सामने आए हैं लेकिन शुभराज सिंह का जनवरी 2026 और सुबोध अग्रवाल का दिसंबर 2025 में रिटायरमेंट होना उनके समीकरण को कमजोर कर देता है। इस परिस्थिति में अतिरिक्त मुख्य सचिव अर्पण अरोड़ा का नाम भी चर्चा में है क्योंकि वह सिविल लिस्ट में अखिल अरोड़ा से नीचे लेकिन शिखर अग्रवाल से ऊपर स्थित है उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2023 में भाजपा सरकार के आने के बाद राज्य के मुख्य सचिव पद पर सुधांशु पंत की नियुक्ति की गई थी इन्हें दिल्ली से लाकर यहां इस सबसे बड़े पद पर बिठाया गया था अब इन्हें मुख्य सचिव पद से वापस दिल्ली बुलाया गया है और इन्हें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में बेटर सचिव पद पर नियुक्ति दी गई है इन्हें अमित यादव की जगह नियुक्ति दी जा रही है अमित यादव आगामी 30 नवंबर को रिटायर होने वाले हैं उल्लेखनीय है कि सोमवार को दिन में ही पंत ने कमेटी ऑफ सिक्योरिटीज की बैठक में कहा था बहुत जल्दी बड़ा धमाका होने वाला है.. आप सब चकित रह जाएंगे और सच में शाम होते-होते एक धमाका भी हुआ जब भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी भारतीय दीक्षित ने अपने पति आईएएस अधिकारी आशीष मोदी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाया और इसके बाद देर रात खबर आई की सुधांशु पंत को मुख्य सचिव पद से हटकर दिल्ली भेजा जा रहा है राजस्थान के इतिहास में सबसे पहले पूर्व में वसुंधरा राजे सरकार के शासनकाल में राजीव महर्षि को उनके कार्यकाल की अवधि पूरी होने से पहले ही पद से हटाया गया था और अब सुधांशु का करीब 14 महीने का कार्यकाल बाकी बचा था लेकिन इससे पहले ही उन्हें प्रदेश के मुख्य सचिव पद से हटाया गया ।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का आयोजन आज से

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के श्री लोकरंजन परिषद द्वारा शताब्दी वर्षगांठ के उपलक्ष में 12 से 18 नवम्बर तक शांति कुटीर में पोकरमल चिमनलाल बुच्चा परिवार द्वारा आयोजित होने वाली सप्त दिवसीय श्री मद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के संदर्भ में तैयारीयों का आयोजन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए लोकरंजन परिषद उपाध्यक्ष शोभाकांत स्वामी ने बताया कि बाबू श्री शोभाचंद जम्मड द्वारा स्थापित श्री लोकरंजन परिषद की शताब्दी वर्षगांठ पर आयोजित होने वाली इस मद्भागवत कथा का वाचन दंडी स्वामी श्रद्धेय ब्रह्मानंद महाराज द्वारा प्रतिदिन 1 बजे से सांय 5 बजे तक किया जाएगा। कथा प्रारंभ से पूर्व 12 नवंबर को प्रातः 11 बजे श्री लोकरंजन परिषद से कथा स्थल शांति कुटीर तक अनेक मनोरम झांकियों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 12 नवंबर को ही कथा प्रारंभ से पूर्व शांति कुटीर में नव निर्मित जल मंदिर एवं नवनिर्मित भवन का उद्घाटन संत सान्निध्य में विधायक अनिल शर्मा द्वारा किया जायेगा। साथ ही भामाशाह बृजमोहन सर्राफ, बाबूलाल बोथरा, चिमनलाल बुच्चा, मांगीलाल डांगी, ओमप्रकाश जोशी काठमांडू, शिवरतन सर्राफ, शिवरतन कंदोई, भंवरलाल बाबूलाल डागा आदि का सम्मान किया जायेगा। बैठक में लोकरंजन मंत्री शंभूदयाल पारीक, महावीर माली, शंकरलाल प्रेमानी, मुखराम नाथोलिया, माणकचन्द भाटी, सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

# जनता का विश्वास ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्तिः मदन राठौड़

### सर्वे रिपोर्ट में पारदर्शी, जनहितैषी और विकासोन्मुख नीतियों की हुई पुष्टि

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की जनता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बनी राज्य सरकार के कार्यों पर विश्वास जताते हुए इसे पिछली कांग्रेस सरकार की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने वाली सरकार माना है। पब्लिक रिसर्च एंड एडवाइजरी सर्विसेज द्वारा कराए गए व्यापक सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष सामने आया है कि प्रदेश की जनता ने पानी, बिजली, रोजगार ,उद्योग निवेश और कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में राज्य सरकार के कार्यों को सराहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने इस अवसर पर प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनमत भजनलाल सरकार की पारदर्शी जनहितैषी और विकासोन्मुख नीतियों की पुष्टि है। यह जनता का भरोसा और आशीर्वाद ही है जो हमें और अधिक समर्पण के साथ राजस्थान को समृद्ध बनाने के लिए प्रेरित करता है। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने पानी, बिजली, उद्योग निवेश और रोजगार के क्षेत्र में ठोस कदम उठाए हैं जिनका सकारात्मक प्रभाव अब जमीन पर दिख रहा है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार 58 प्रतिशत नागरिकों ने माना कि पानी की आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हुआ है। 52 प्रतिशत ने कहा कि बिजली आपूर्ति और बिलिंग प्रणाली में सुधार हुआ है। 64 प्रतिशत लोगों ने औद्योगिक माहौल और रोजगार सृजन को बेहतर बताया। 63 फीसदी किसानों ने कृषि और किसान कल्याण योजनाओं को सराहा। राठौड़ ने कहा कि यह परिणाम भाजपा सरकार के जनकल्याण के संकल्प की सफलता का प्रमाण है। भाजपा और सरकार जनता के भरोसे को बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करती रहेगी। भाजपा सरकार का हर निर्णय जनहित के लिए है और हर कदम राजस्थान को आत्मनिर्भर विकसित और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में है। उन्होंने भाजपा परिवार की ओर से समस्त नागरिकों को धन्यवाद देते हुए यह विश्वास दिलाया कि जनता के सहयोग से राजस्थान विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने पब्लिक रिसर्च एंड एडवाइजरी सर्विसेज के सर्वे में प्रदेशवासियों द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार पर जताए गए भरोसे और समर्थन के लिए जनता का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम जनता के विश्वास भजनलाल सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और पारदर्शी सुशासन की जीत है। प्रदेश में बिजली, पानी , उद्योग, रोजगार ,किसान और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में हुए सुधार यह सिद्ध करते हैं कि राजस्थान विकास के नए युग की ओर अग्रसर है। गोठवाल ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए भ्रष्टाचार मुक्त सुशासित और विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

# बेहतर भविष्य की आस में बिहार



*बिहार अपनी युवा पीढ़ी को लगातार विफल कर रहा है, जिससे एक ऐसा जनसांख्यिकीय संकट पैदा हो रहा है, जिसकी विशेषता चौंकाने वाली बेरोजगारी, मजबूरन प्रवासन और व्यवस्थागत निराशा है। राज्य की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी है, लेकिन इससे भी भयावह यह है कि यहां के अधिकांश युवाओं ने काम खोजने की उम्मीद ही छोड़ दी है। बेरोजगारी सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे युवाओं में है। स्नातकों के लिए यह 14.7 प्रतिशत और स्नातकोत्तर के लिए 19 प्रतिशत तक पहुंच गई है। पटना की सड़कों पर गूंजता नारा, "करो तो सरकारी नौकरी, नहीं तो बेचो तरकारी" लाखों युवाओं के टूटे सपनों का प्रतीक बन गया है। इसी निराशा का सीधा परिणाम प्रवासन है। जब राज्य में अवसर नहीं मिलते, तो लगभग लाखों बिहारी श्रमिक दिल्ली, पंजाब और महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्थाओं को अपने खून-पसीने से सींचते हैं। बार-बार होने वाले परीक्षा पेपर लीक जैसी व्यवस्थागत विफलताएं*

बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी गठबंधन राज्य को औद्योगिक केंद्र में बदलने का स्वप्न दिखा रहा है, तो विपक्षी महागठबंधन सामाजिक न्याय और आरक्षण के अपने आजमाए हुए मुद्दों को नई धार देता दिख रहा है। किंतु इसके बीच कुछ बुनियादी प्रश्न हैं, जो बिहार के आत्मा को कुरेद रहे हैं। क्या यह चुनाव केवल सत्ता के अंकगणित का एक और अध्याय बनकर रह जाएगा या यह उस गहरी खाई को पाटने का एक ईमानदार अवसर बनेगा, जो वादों और यथार्थ के बीच दशकों से चौड़ी होती जा रही है? यह केवल व्यक्तित्वों या गठबंधनों की प्रतिस्पर्धा नहीं है, बल्कि उस समाज के लिए सामूहिक आत्म-चिंतन का एक दुर्लभ क्षण है, जो अपनी गौरवशाली सभ्यतागत विरासत और अपनी वर्तमान वास्तविकता के बीच की असहनीय दूरी से जूझ रहा है। आज बिहार की धरती प्रवासन, बेरोजगारी और अधूरी आकांक्षाओं का प्रतीक बन गई है। इसलिए असली सवाल यह नहीं है कि कौन जीतेगा, बल्कि यह है कि क्या बिहार की राजनीति नवीनीकरण का एक शक्तिशाली साधन बन सकती है? बिहार की राजनीति में आज किसी भी दल के लिए सबसे बड़ी चुनौती नए वादे गढ़ना नहीं, बल्कि उस गहरे अविश्वास और संदेह को दूर करना है, जो दशकों के अधूरे आश्वासनों से उपजा है। हर चुनावी चक्र 'अधूरी उम्मीदों की बढ़ती भावना' को ही मजबूत करता है। संकट अब उम्मीद का नहीं, विश्वसनीयता का है, जहां नागरिक अब केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि अपनी आंखों के सामने परिवर्तन का ठोस प्रमाण मांग रहे हैं। बिहार अपनी युवा पीढ़ी को लगातार विफल कर रहा है, जिससे एक ऐसा जनसांख्यिकीय संकट पैदा हो रहा है, जिसकी विशेषता चौंकाने वाली बेरोजगारी, मजबूरन प्रवासन और व्यवस्थागत निराशा है। राज्य की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी है, लेकिन इससे भी भयावह यह है कि यहां के अधिकांश युवाओं ने काम खोजने की उम्मीद ही छोड़ दी है। बेरोजगारी सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे युवाओं में है। स्नातकों के लिए यह 14.7 प्रतिशत और स्नातकोत्तर के लिए 19 प्रतिशत तक पहुंच गई है। पटना की सड़कों पर गूंजता नारा, "करो तो सरकारी नौकरी, नहीं तो बेचो तरकारी" लाखों युवाओं के टूटे सपनों का प्रतीक बन गया है। इसी निराशा का सीधा परिणाम प्रवासन है। जब राज्य में अवसर नहीं मिलते, तो लगभग लाखों बिहारी श्रमिक दिल्ली, पंजाब और महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्थाओं को अपने खून-पसीने से सींचते हैं। बार-बार होने वाले परीक्षा पेपर लीक जैसी व्यवस्थागत विफलताएं युवाओं की आकांक्षाओं पर प्रणालीगत हिंसा के समान हैं। जो भूमि कभी नालंदा और विक्रमशिला जैसे ज्ञान के वैश्विक केंद्रों का घर थी, वह आज अपने बच्चों को मूलभूत शिक्षा प्रदान करने में भी विफल हो रही है, जिससे गरीबी और प्रवासन का एक अंतहीन चक्र बना हुआ है। गणतंत्र के शुरुआती दिनों में जहां देश के विश्वविद्यालय नामांकन में बिहार का लगभग दसवां हिस्सा था, वहीं आज यह तीन प्रतिशत से भी कम रह गया है। स्कूल मौजूद हैं, शिक्षक नियुक्त हैं, पाठ्यक्रम छपे हुए हैं, लेकिन सीखने-सिखाने की जवाबदेही नदारद है। जिनके पास साधन हैं, वे अपने बच्चों को राज्य से बाहर भेजकर इस व्यवस्था से बच निकलते हैं, जबकि गरीब एक ऐसी प्रणाली में फंस गए हैं, जो ऊपर उठने का कोई वास्तविक रास्ता नहीं दिखाती है। जब तक ज्ञान की नींव ही कमजोर हो, तब तक कौशल विकास और उद्योगीकरण की बातें बेमानी लगती हैं। किसी भी सरकार के लिए सार्वजनिक शिक्षा का पुनर्निर्माण सबसे परिवर्तनकारी कार्य हो सकता है, फिर भी यह राजनीतिक घोषणापत्रों में प्राथमिकता की दृष्टि से एकदम निचले पायदान पर है। वर्ष 2016 में लागू की गई शराबबंदी आज इस बात का उदाहरण बन गई है कि कैसे नेक इरादों वाली नीतियां जब खराब तरीके से डिजाइन और लागू की जाती हैं, तो प्रशासनिक आपदाओं में बदल सकती हैं। शराब खत्म होने के बजाय इस प्रतिबंध ने एक समानांतर अवैध अर्थव्यवस्था को जन्म दिया है, जिसने शराब तस्करों, पुलिस और राजनेताओं के एक नए गठजोड़ का जाल बुना है। जहरीली शराब से सैकड़ों मौतें इस काले बाजार का क्रूर परिणाम हैं। इसने अदालतों को मामलों से और जेलों को छोटे-मोटे अपराधियों से भर दिया है। मार्च 2025 तक 9,36,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए और 14.3 लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि द लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन का अनुमान है कि इस प्रतिबंध ने राज्य में घरेलू हिंसा के 21 लाख मामलों को रोका है। सामाजिक दृष्टि से यह आंकड़ा बहुत महत्वपूर्ण है और बताता है कि अभी भी अधिकतर महिलाएं इस नीति का समर्थन क्यों करती हैं। पुराने स्थापित दल इस मुद्दे पर फंसे हुए हैं। वे न तो इसकी विफलताओं को स्वीकार कर सकते हैं

## सम्पादकीय

### जैश-ए-मोहम्मद और आइएसआइएस से संबंधित अंसार गजवातुल-हिंद से जुड़े थे तार



आतंकवाद वैश्विक स्तर पर शांति और सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। आतंकी अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए साजिशों के नए-नए जाल बुनते हैं, जिन्हें भेद पाने में सुरक्षा एजंसियों को भी कड़ी चुनौतियां का सामना करना पड़ता है। सुरक्षा एजंसियों को इसी तरह के एक अंतरराज्यीय आतंकी संजाल का भंडाफोड़ करने में सफलता मिली है, जिसमें आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस साजिश की भयावहता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि आरोपियों के ठिकानों से 2,900 किलोग्राम विस्फोटक और हथियार बरामद किए गए हैं। यानी वे किसी बड़े खौफनाक हमले को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस का दावा है कि आतंकियों का यह तंत्र पाकिस्तान की धरती से संचालित होने वाले जैश-ए-मोहम्मद और आइएसआइएस से संबंधित अंसार गजवातुल-हिंद से जुड़ा हुआ था, जो जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में सक्रिय था। सवाल है कि इस गिरोह से जुड़े लोग इतने बड़े पैमाने पर विस्फोटक पदार्थ और हथियार जमा करने में कैसे कामयाब हो गए? सुरक्षा और खुफिया एजंसियों को इनकी गतिविधियों की भनक पहले क्यों नहीं लग पाई? जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश की पुलिस तथा केंद्रीय एजंसियों के साथ विशेष अभियान चलाकर इस आतंकी तंत्र का पर्दाफाश किया है। खास बात यह है कि इस गिरोह के जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया, उनमें एक विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षक और एक चिकित्सक भी शामिल हैं। साफ है कि आतंकी संगठन पढ़े-लिखे लोगों को भी अपने साथ जोड़ रहे हैं, ताकि किसी हिंसक वारदात को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया जा सके। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों में से एक के दिल्ली से सटे फरीदाबाद स्थित किराए के मकान से 360 किलोग्राम ज्वलनशील पदार्थ बरामद किया गया है। सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में इतने बड़े पैमाने पर ज्वलनशील पदार्थ का मिलना कई सवाल खड़े करता है। एनसीआर में जगह-जगह पुलिस की ओर से सुरक्षा नाके लगाए गए हैं, इसके बावजूद विस्फोटक पदार्थ की इतनी बड़ी खेप आखिर वहां कैसे पहुंचाई गई? क्या खुफिया और सुरक्षा एजंसियों की जांच का व्यवस्थागत तंत्र इतना कमजोर है कि वह वास्तविक समय पर आपराधिक गतिविधियों को पकड़ पाने में सक्षम नहीं है? गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में से सात कश्मीर के हैं, जबकि एक उत्तर प्रदेश का निवासी है। सुरक्षा अधिकारियों का दावा है कि जांच में दो आरोपियों के मोबाइल फोन में पाकिस्तान के कई नंबर पाए गए हैं। जाहिर है कि वे पाकिस्तान में अपने आकाओं के संपर्क में थे। यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि गिरफ्तार सभी आरोपी स्थानीय हैं, मगर उनके पास चीनी स्टार पिस्तौल, एके-56 एवं एके क्रिंकाव राइफल जैसे हथियार और इतने बड़े पैमाने पर विस्फोटक पदार्थ कहां से आए? प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामने आई है कि धन का लेन देन करने और साजो-सामान की व्यवस्था के लिए यह गिरोह गुप्त माध्यमों का इस्तेमाल कर रहा था। सामाजिक और धर्मार्थ कार्यों की आड़ में पेशेवर तथा शैक्षणिक तंत्र के जरिए धन जुटाया जाता था। मगर ऐसा कैसे संभव हुआ कि खुफिया और सुरक्षा एजंसियों को इसकी पहले कोई भनक नहीं लग पाई। जाहिर है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था में कहीं कहीं न खामियां व्याप्त हैं, जिन्हें दुरुस्त किए जाने की जरूरत है।

कविता

### मां के बर्तन

मां ने कभी नहीं धोए
पानी से बर्तन
मां हमेशा राख से मांजती
न्यातणे से पोंछकर
चमकाती थी बर्तन

गोबर मिट्टी से
आंगन चूल्हा लीपते समय,
साथ ही लीपतीं थी राखुण्डा।
राख छानकर कोरी मिट्टी मिलाती
तब जाकर चमकते थे
कांसे-पीतल-स्टील के बर्तन

बिरखा वाली घटा देखते ही
सबसे पहले
छाजले में डालकर रखी जाती थी
राखुण्डे की राख
फिर संभालती थी मां
मिट्टी का चूल्हा,
जलावन की लड़कियां और उपले

आज की तरह
रसोई भरी न रहती थी बर्तनों से
तो मां को दिन में कई बार
मांझने पड़ते थे बर्तन

मां ने कभी नहीं छोड़े
जूठे बर्तन
रात भर राखुण्डे में....

वह कहती हैं कि
झूठे बर्तन गाली देते हैं रात भर
नकारात्मक ऊर्जा को
गाली मानती है मां

साल भर में
एक दो बार काम आने वाली
लोहे की बड़ी कड़ाही भी
मां चमकाती रही
टूटी ईंट की खोर से

उन्होंने कभी इस्तेमाल नहीं किया
अपने बर्तनों पर स्टील का स्क्रबर
दुचाभ की जड़ से बनाया उन्होंने
अपना प्राकृतिक "झावा"

उनका मानना है कि
फूहड़ मानी जाती है वह स्त्री
जिसके बर्तनों में
धारियां बनी हो स्क्रैच से

बर्तन मांज पोंछकर
अपने हाथ से बनी रसोई में
करीने से रखना भी
एक सुकून था, मां के लिए।

मां की आंखें
चमक उठती हैं, अब भी,
वो सुकून याद करके।

**ममता दर्जी**
**चूरू**

## भूटान को चीनी चंगुल से बचाने की चुनौती



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन के लिए भूटान के दौरे पर हैं। भूटान क्षेत्रफल में भारत का सबसे छोटा पड़ोसी है, परंतु इसका सामरिक महत्व अत्यधिक है, क्योंकि यह चीनी कब्जे वाले तिब्बत और भारत के बीच ऊंचे हिमालयों में स्थित महत्वपूर्ण मध्यवर्ती देश है। गत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी का वहां चार बार जाना और इसी तरह भूटान के प्रधानमंत्रियों और राजाओं का लगातार भारत में आगमन का क्रम दर्शाता है कि इस संवेदनशील रिश्ते को उचित ही सर्वोच्च राजनीतिक महत्व दिया जा रहा है। भूटान अगर कमजोर और बेसहारा बन जाए तो विस्तारवादी चीन न केवल उसे निगल जाएगा, बल्कि भारत की सीमा पर एक और मोर्चा खोल देगा। 1950 के दशक में तिब्बत में चीन के अतिक्रमण और वर्तमान में नेपाल में चीन के विस्तार को देखते हुए भारत के लिए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि भूटान को चीनी महत्वाकांक्षाओं से बचाकर रखे। एक अद्वितीय हिमालयी बौद्ध राष्ट्र को आक्रामक महाशक्ति चीन के जबरन कब्जे से बचाना कोई किताबी या सैद्धांतिक मुद्दा नहीं है। 'सीलाइट' नामक अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थान के अनुसार हाल के वर्षों में चीन ने भूटान की पारंपरिक सीमाओं के भीतर कम से कम 22 कृत्रिम गांव बसाए हैं, जो इस छोटे से देश के लगभग दो प्रतिशत भूभाग पर कब्जा हैं। इन चीनी बस्तियों में सड़कें, सैन्य चौकियां और प्रशासनिक केंद्र भी शामिल हैं, जिससे जमीनी स्तर पर ऐसे नए तथ्य अंकित कर दिए गए हैं, जिन्हें नकारना मुश्किल है। भूटान के साथ सीमा वार्ताओं के अंतर्गत चीन ने नए दावे भी पेश किए हैं, ताकि भूटान की संप्रभुता धीरे-धीरे घिस जाए और चीनी सेना भारत की सीमाओं को घेर ले। 2017 में डोकलाम में अवैध सड़क निर्माण का प्रयास चीन की दीर्घकालिक योजनाओं का नमूना था। इसी खतरे को रोकने के लिए भारतीय सेना ने 73 दिन तक चीनी फौज से आमना-सामना किया था। अंततः चीन को डोकलाम से पीछे हटना पड़ा था। भूटान के अस्तित्व के लिए चीन के बढ़ते खतरे के चलते भारत भूटानी सेना के लिए रक्षा उपकरणों के साथ प्रशिक्षण की सुविधाएं बढ़ा रहा है। 2007 में संशोधित भारत-भूटान स्थायी मैत्री संधि के अनुसार दोनों देश "राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक गतिविधियों" का मुकाबला करेंगे। चीन द्वारा भूटान में घुसपैठ करने और उसे अपने अधीन लाने के मंसूबों के कारण प्रतिरक्षा भारत-भूटान संबंधों का प्रमुख स्तंभ बना रहेगा। चूंकि भूटान को भारतीय सैन्य सहायता संवेदनशील मामला है, इसलिए उसके बारे में सार्वजनिक रूप से घोषणाएं नहीं होती हैं। इस सबके बाद भी मोदी सरकार भूटान के उत्तर और पूर्व में मंडरा रहे खतरे से अवगत है और उसे जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रही है। भूटान को अपने प्रभाव में लाने के इरादे से चीन उसे आर्थिक प्रलोभन भी दे रहा है। दक्षिण एशिया में भारत के पड़ोसियों में भूटान एकमात्र देश है, जो चीन की 'बेल्ट एंड रोड' पहल में शामिल नहीं हुआ है। ऐसे में भूटान की आर्थिक प्रगति, ढांचागत सुधार और आधुनिकीकरण के प्रति भारत का विशेष उत्तरदायित्व है। भूटान की अपनी चौथी यात्रा में मोदी भारत की मदद से बने पुनतसंगचु जलविद्युत परियोजना का अनावरण करेंगे, जिससे भारत को भूटान से बिजली का निर्यात और भूटान में भारतीय कंपनियों का निवेश बढ़ेगा। भारत अपने उत्तर-पूर्वी राज्य असम के कोकराझार से भूटान के प्रतिष्ठित 'न्यू गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी' तक 58 किलोमीटर लंबी रेल लाइन का भी निर्माण कर रहा है, जिससे आपसी कारोबार और पर्यटन का विकास होगा। अंतरिक्ष उपग्रहों से लेकर वित्तीय प्रौद्योगिकी तक भारत उभरते क्षेत्रों में भूटान की मदद कर रहा है, ताकि उसके विभिन्न राजनीतिक समूह और सामाजिक वर्ग भारत के साथ मित्रता के ठोस लाभ को महसूस कर सकें। वर्षों से भूटान भारतीय सहायता का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता रहा है। 2025-26 के भारतीय बजट में उसके लिए 2,150 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। मोदी की भूटान यात्रा दुनिया को याद दिलाएगी कि भारत दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के लिए प्रमुख साझीदार बनने के लिए तत्पर है और इस मामले में चीन से प्रतिस्पर्धा करने से नहीं कतराएगा। विकास और प्रतिरक्षा के अलावा भारत ने संस्कृति और आध्यात्मिकता को अपनी भूटान नीति का तीसरा स्तंभ बनाया है। भूटान की इस यात्रा के दौरान मोदी एक मठ में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की पूजा करेंगे, जिन्हें उत्तर प्रदेश के पिपरहवा से वहां भेजा गया है।

## हमारे बच्चों के लिए, हमसे अच्छा कौन है.



डायरी/कुमार अजय

अखबार में लुधियाना से एक रिपोर्ट है कि बच्चों पर जासूसी बढ़ रही है और बच्चों की आदतों, दोस्तों और रोजमर्रा की गतिविधियों पर निगरानी के लिए मां-बाप प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसियों की मदद ले रहे हैं। अभिभावकों की चिंता है कि बच्चा नशे की लत में न पड़ जाए या किसी गलत रिश्ते में न फंस जाए। चिंता कहीं न कहीं जायज भी है लेकिन सवाल है कि अपनाया जा रहा उपाय कितना जायज है। एक स्तर तक बच्चों की निगरानी तो हमेशा से ही चलती आई है लेकिन इसका इस स्तर तक पहुंचना चिंताजनक है। ज्यादातर अभिभावक तय नहीं कर पा रहे हैं कि उन्हें बच्चों के साथ किस तरह पेश आना चाहिए। इन्हीं दिनों हमने देखा कि महज नौ साल की एक बच्ची ने स्कूल में किसी बात पर नाराज होकर आत्महत्या कर ली। आज का ही अखबार कह रहा है कि बीकानेर के एक गांव में झोपड़ी में आग लगने पर एक पांच वर्षीय अबोध बालक ने आग से बचने के लिए झोपड़ी में ही पड़ी लोहे की टंकी में शरण ली और झुलस कर मर गया। बच्चा अकेला था और उसे आग से बचने का यही उपाय समझ आया। पिछले ही दिनों, फ्लैट में दम घुटने से कोटा में बाल अभिनेता सहित दो बच्चों की मौत की खबर का हमने सामना किया ही है। परसों-तरसों ही खबर थी कि धौलपुर में एक तेरह साल के बेटे को पिता ने मोबाइल पर गेम खेलने से रोका तो उसने आत्महत्या कर ली। दुर्भाग्य से, इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही हैं। कहने वाले कहते हैं कि घटनाएं हमेशा होती थी, अब रिपोर्टिंग बढ़ गई है लेकिन यह कहना वास्तविकता से मुंह मोड़ने जैसा ही है। दुर्घटनाएं समाज में किसी न किसी रूप में हमेशा रही हैं लेकिन वर्तमान समय में जिस प्रकार से ये घटनाएं हो रही हैं, कहीं न कहीं सोचने को विवश करती ही हैं। पैरेंटिंग जैसा सरल-सहज विषय लोगों के लिए एक बड़ा तनाव बन गया है और अधिकतर लोग इसे ठीक-ठीक तय नहीं कर पा रहे हैं। जिन्होंने तय कर लिया है, वे गलत साबित हो रहे हैं। सच यह है कि जिसे हमने सुविधा समझ लिया है, वही हमारी बड़ी दुविधा बन गया है। परिवार और पड़ोसी हमारी सामाजिक व्यवस्था के दो बड़े स्तम्भ थे, वे आज खत्म हो गए हैं। हम में से अधिकतर मजबूरीवश या प्राथमिकतावश एकल परिवार में रहते हैं। वरना हमारे बुजुर्ग बच्चों की परवरिश और निगरानी इतनी सहजता से कर लेते थे कि मां-बाप को बच्चों की परवरिश के बारे में खयाल ही तब आता था, जब बात उनके बच्चों के बच्चों यानी तीसरी पीढ़ी की परवरिश तक आ पहुंचती थी। दादा-दादी या नाना-नानी मुफ्त में यह सारा काम करते थे और वह भी खुशी-खुशी लेकिन नई पीढ़ी इस नेमत से तो वंचित ही है। दादा-दादी तो आज खुद अकेलेपन में जीवन काट रहे हैं और कामकाजी मां-पिता को अब इतना समय नहीं है और सच कहें तो इतनी समझ भी नहीं है कि कैसे बच्चों को एक सहज जीवन उपलब्ध हो। जिन स्कूलों में हमने अपने बच्चों को भर्ती कर दिया है, वहां की पढ़ाई हम तो समझते ही नहीं। मोबाइलों में गुम बच्चे क्या कर रहे हैं और क्या सीख रहे हैं, इसकी जानकारी भी रहे तो नियंत्रण असंभव-सा है क्योंकि वास्तव में मोबाइल किसी भी नशे या रिश्ते से ज्यादा एडिक्ट बनाने वाला उपकरण हैं। बचपन में जब दादा-दादी या नाना-नानी नहीं हैं तो फिर मोबाइल ही एकमात्र सहारा है जो बच्चों को थोड़ी देर थामता है और हमें बच्चों से थोड़ी देर फुर्सत दिलाता है। हमारी यह सुविधा बच्चों के लिए एक दिन एडिक्शन बन जाती है और हमारे लिए दुविधा लेकिन हमें जब तक समझ आता है, तब तक ट्रेन निकल चुकी होती है। बार लगता है कि विकास के नाम पर इस तरह से एक्सीलरेटर दबा दिया है कि अब ब्रेक भी एक्सीडेंट का कारण ही बनना है। विडंबना है कि हम अपने जीवन में जो-जो बनना चाहते थे लेकिन नहीं बन पाए, वह सब बच्चों को बनाना चाहते हैं। जो करना चाहते थे और नहीं कर पाए, वह बच्चों से उम्मीद करते हैं। बच्चे वह कल्पवृक्ष और कामधेनु और अलादीन के चराग बन जाएं कि हमें जो चाहिए, उसे पूरा करते रहें। आखिर हम क्यों नहीं समझते कि प्रकृति ने हर किसी को एक सहज प्रवृत्ति दी है, प्रतिभा दी है, स्वभाव दिया है, गति दी है। थोड़ा हमें उस पर भी तो यकीन करना चाहिए। हम बच्चों की तुलना उनके हमउम्र दुनियाभर के प्रतिभावान और एडवांस बच्चों से करते हैं लेकिन हम अपने आसपास उन लोगों को नहीं देखना चाहते जो बचपन में सामान्य या सामान्य से कम रहे, लेकिन आज सफल एवं सुखी जिंदगी जी रहे हैं। या उन्हें नहीं देख पा रहे जो बचपन में बहुत एडवांस रहे लेकिन अब एक औसत जीवन जी रहे हैं। इतिहास में ऐसे बहुतेरे उदाहरण है लेकिन कमबख्त हमारे ही दिल को चैन नहीं। मुझे इस मामले में उत्कृष्ट बाल प्रतिभा तथागत अवतार तुलसी की याद आती है कि कैसे उन्होंने 12 साल की उम्र में एमएससी कर ली थी और बाद में कैसे दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से उनकी नौकरी तक समाप्त हो गई। बेहतरी के लिए सतत प्रयास करना, अपने बच्चों के लिए ऊजळे भविष्य के सपने देखना गुनाह नहीं है लेकिन अपने बच्चों के खुद के सपनों का गला घोंट देना या उनकी क्षमता देखे बिना उन्हें भगाकर मार देना बड़ा गुनाह है। प्रकृति की व्यवस्था को न समझना या उस पर जरा भी यकीन नहीं करना गुनाह है। अपने बच्चों को समय नहीं देना, उनसे संवाद नहीं रखना, उन पर एक सामान्य स्तर पर भरोसा नहीं करना और अपनी दमित इच्छाओं और महत्वाकांक्षाओं को उन पर थोप देना अपराध है। हमें आखिर सोचना ही चाहिए कि यदि घर में कुछ और सदस्य हों जो ऑलरेडी घर के ही सम्मानित सदस्य हैं और जिनके कारण यह घर है, तो हमारा क्या घट जाएगा। हमें यह सोचना ही होगा कि हमारे पास थोड़ा और समय हमारे बुजुर्गों और बच्चों के लिए हो तो हमारा क्या चला जाएगा। आखिर क्यों हमारे बच्चे इतना घुट जाते हैं कि उन्हें अपनी बात कहने के लिए कोई नहीं मिलता और वे फंदों पर झूल जाते हैं। आखिर क्यों कोई नौ साल की बच्ची अपनी छुटपुट तकलीफ के लिए चौथी मंजिल से कूदकर हमारे लिए सवाल ही सवाल छोड़ जाती है। आखिर क्यों कोई पांच साल का बच्चा घर में अकेला है और झोपड़ी में आग लगने पर नहीं समझ पाता कि टंकी में नहीं घुसना मौत को गले लगा लेना है। हमारी अपनी नौकरी और हमारा अपना व्यवसाय जरूरी है लेकिन ये सब जिंदगी के लिए है, जिंदगी उसके लिए नहीं है। आखिर तो हम सभी का सपना एक सुखी, सरल और सहज जिंदगी ही होना चाहिए। हमें अपने बच्चों के साथ बैठना शुरू करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कैसे उन्हें एक सोशल मीडिया से दूर एक सामाजिक माहौल मिले, जिसमें उनका भीतरी और बाहरी अकेलापन दूर हो। हमें ही उन्हें बताना होगा कि किस तरह की समस्याओं के क्या समाधान हैं और जिंदगी का कोई विकल्प ही नहीं है। मां-बाप से बड़ा और कौन प्राइवेट डिटेक्टिव होगा जो बच्चों के रूझान और समस्याओं को डिटेक्ट करे और उनका समाधान भी उन्हें दे। (10 नवंबर, 2025)

## 26 नवंबर को हिरवा गांव में संविधान दिवस पर संविधान संगोष्ठी कार्यक्रम को लेकर बैठक



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान में मंडावा में भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष अजय वर्मा नुआ की अध्यक्षता मे चोपड़ा वर्क शॉप शीतला का मोहल्ला मंडावा में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 26 नवंबर को सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत हिरवा में संविधान दिवस के उपलक्ष में संविधान संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें मंडावा तहसील से भीम आर्मी मंडावा टीम शामिल होंगे। संविधान संगोष्ठी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए झुंझुनूं जिले में गांव गांव ,ढाणी ढाणी संपर्क किया जा रहा है। जिसमें भीम आर्मी महासचिव शहर मंडावा नथमल चोपडा पिंटू काला पटवारी, हनुमान प्रसाद रैगर, चंद्रभान आर्य, भागीरथ मल राठी, सतीश आर्य पार्षद, कैलाश चोपड़ा,रिद्करण बॉयल, महेश मेघवाल,राजू वाल्मिकी, ऋतिक राठी, बंटी किलानिया,विकाश मेघवाल, मुकेश वाल्मीकि आदी भीम आर्मी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गौ चिकित्सालय में मनाया सांगलिया पीठाधीश्वर ओम दास महाराज का जन्मदिन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 स्वामी ओम दास महाराज के 34 वें जन्मदिवस पर सांगलिया धूणी के सेवकों ने बजरंगी गौ चिकित्सालय में बीमार व घायल गोवंश की सेवा की। ओम दास महाराज के शिष्य किशोर दास स्वामी ने बताया कि ओम दास महाराज ने संन्यास के इतने अल्प समय में ही अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर के रूप में शिक्षा, चिकित्सा, सेवा, समरसता, आध्यात्मिक व जनचेतना की नई अलख पूरे भारत में जगा रहे हैं। सांगलिया धूणी के संतों द्वारा समाज में फैली कुरीतियों, ऊंच-नीच, भेदभाव, छुआछूत को त्याग कर सामाजिक समानता, समरसता व एकता का संदेश आज जन-जन के लिए प्रेरणा स्रोत बनता जा रहा है । सांगलिया पीठाधीश्वर ओम दास महाराज के जन्मोत्सव पर जमना प्रसाद तापड़िया, किशोर दास स्वामी, सरदार सिंह कासनिया, अनिल तोदी, अशोक जाखड़, पूसा दास स्वामी, बबलू बजरंगी, विक्की ढेनवाल, प्रकाश खटीक, कानाराम सामरिया, नोरतन खाती, मोहित राज शास्त्री, टीकूराम राव, अभिषेक प्रजापत, किसन सैन, रितिक सहित अनेक गो भक्तों ने बजरंगी गौ चिकित्सालय में बीमार गौवंश को गुड़ खिलाकर व केक काटकर ओम दास महाराज का जन्म दिवस मनाया।

## सड़क निर्माण के आश्वासन के बाद धरना स्थगित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के वार्ड न. 5 में सड़क, नाली क्रोस निर्माण की मांग को लेकर नगरपरिषद कार्यालय के बाहर कॉमरेड जगदीश नाथ द्वारा दिया जा रहा धरना स्थगित हो गया। एक माह में सड़क निर्माण का आश्वासन में वार्डवासियों के समक्ष लिखित में दिया गया और एटीपी उदयसिंह ने समस्या समाधान का आश्वासन दिया। कॉमरेड जगदीश नाथ ने बताया कि अगर एक माह में सड़क की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो फिर से धरना शुरू कर दिया जायेगा। जगदीश नाथ ने बताया कि क्रोस का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस दौरान नोरतनसिंह, संजय नाथ, भंवरलाल तंवर, राजू जाखड़, रमेश जाखड़, राजेंद्र ढ़ाका, बोदू माली, निर्मल तंवर, पप्पू जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

# जेइएन नवनीत कुमार के निलंबन पर जताया विरोधः बोले- फील्ड इंजीनियर को सस्पेंड करना गलत, आदेश निरस्त नहीं हुआ तो करेंगे कार्य बहिष्कार

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में मंगलवार को पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया। संगठन ने कनिष्ठ अभियंता नवनीत कुमार के निलंबन को मनमाना और अनुचित बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की। इस दौरान अधीक्षण अभियंता और जोनल चीफ को ज्ञापन सौंपा गया। उन्हें 7 नवंबर 2025 को निलंबित कर दिया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि JEN नवनीत कुमार चिड़ावा डिवीजन के अधीन नरहढ़ गांव में कार्यरत हैं। उन्हें 7 नवंबर 2025 को निलंबित कर दिया गया, जबकि उन्होंने जो कार्रवाई की थी, वह पूरी तरह उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार और जनता के बीच बढ़ते तनाव को शांत करने की मंशा से की गई थी। एसोसिएशन के अनुसार, उस समय ग्राम नरहढ़ में स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश और हिंसक स्थिति बनने लगी थी। हालात को नियंत्रित करने और उपभोक्ताओं को शांत करने के उद्देश्य से नवनीत कुमार ने अस्थायी रूप से स्मार्ट मीटर हटाया था। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह कदम पूरी तरह से "कर्तव्य पालन और जनहित" की भावना से प्रेरित था, न कि किसी नियम विरुद्ध या स्वेच्छाचारी निर्णय से। इसके बावजूद निगम प्रशासन द्वारा उनके खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई, जो न केवल सेवा नियमों के विरुद्ध है बल्कि कनिष्ठ अभियंताओं के मनोबल को भी तोड़ने वाली है। प्रदर्शन के दौरान पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि यह आदेश पूर्णतः मनमाना, अनैतिक और अनुचित है। संगठन ने इस निलंबन को "दबाव की राजनीति" बताते हुए चेतावनी दी कि यदि प्रबंध निदेशक, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, द्वारा शीघ्र ही निलंबन निरस्त नहीं किया गया, तो प्रदेशभर में आंदोलन की स्थिति बनेगी। संगठन ने एमडी अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को संबोधित ज्ञापन अधीक्षण अभियंता और संभागीय मुख्य अभियंता (झुंझुनूं) को सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट लिखा गया कि अगर नवनीत कुमार के निलंबन आदेश को वापस नहीं लिया गया तो पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन से जुड़े समस्त कनिष्ठ अभियंता तत्काल प्रभाव से कार्य बंद कर देंगे और अनिश्चितकालीन महापड़ाव प्रदर्शन शुरू करेंगे। संगठन ने कहा कि ऐसी स्थिति में कार्य अवरोध की पूरी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी। एसोसिएशन से जुड़े अभियंता विकास कुमार ने बताया कि "यह सिर्फ एक व्यक्ति का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह हर उस इंजीनियर की आवाज है जो फील्ड में कठिन परिस्थितियों में जनता और निगम दोनों की जिम्मेदारी निभा रहा है। जब अधिकारी फील्ड में जनता के गुस्से और हिंसक भीड़ के बीच काम करते हैं, तब कभी-कभी तत्काल निर्णय लेने पड़ते हैं। ऐसे में किसी अधिकारी को दंडित करना अनुचित है।" विकास कुमार ने कहा कि निगम प्रशासन को चाहिए कि वह फील्ड स्तर पर कार्य कर रहे इंजीनियरों की परिस्थितियों को समझे, न कि कागजी आदेशों के आधार पर निर्णय ले। संगठन ने ज्ञापन में यह भी कहा है कि AVVNL प्रशासन को फील्ड में कार्यरत अधिकारियों की सुरक्षा और गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। जब अधिकारी जनता के बीच काम कर रहे हों, तब उन्हें प्रशासनिक समर्थन मिलना चाहिए, न कि दंडात्मक कार्रवाई। संगठन के सदस्यों ने यह भी कहा कि यदि सात दिनों में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो जिलेभर के अभियंता कार्य बहिष्कार कर आंदोलन को तेज करेंगे।

## बीएलओ सुधीर कुमार निलंबितःजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अरुण गर्ग बोले- आयोग के निर्देशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं, निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर सख्ती

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अरुण गर्ग बोले- आयोग के निर्देशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना और निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बड़ा कदम उठाया है। विधानसभा क्षेत्र 27-झुंझुनूं की भाग संख्या 186 के लिए नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सुधीर कुमार को डॉ. गर्ग ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सुधीर कुमार वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदावास में कार्यरत है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, इन दिनों जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 संचालित है, जिसमें मतदाता सूची का अद्यतन, नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम संशोधन एवं मृत मतदाताओं के नाम विलोपन जैसी प्रक्रियाएं चल रही हैं। इस दौरान बीएलओ की उपस्थिति और सक्रियता को अत्यधिक महत्वपूर्ण माना गया है। लेकिन बीएलओ सुधीर कुमार की लगातार अनुपस्थिति के कारण उस क्षेत्र में पुनरीक्षण कार्य प्रभावित हो रहा था। निर्वाचन कार्यालय ने इसे आयोग के दिशा-निर्देशों की अवहेलना और गंभीर शासकीय लापरवाही माना। इसी आधार पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अरुण गर्ग ने राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण व अपील) नियम 1958 के नियम 13 के उपनियम (1) के तहत निलंबन की कार्रवाई की। आदेश के अनुसार, निलंबन अवधि के दौरान सुधीर कुमार का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा, झुंझुनूं निर्धारित किया गया है। डॉ. गर्ग ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया लोकतांत्रिक प्रणाली की रीढ़ है, और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई या उदासीनता को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी बीएलओ, पर्यवेक्षकों और संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने निर्धारित क्षेत्र में समय पर उपस्थित रहकर निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बीएलओ के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के तहत प्रत्येक बीएलओ को फील्ड में जाकर घर-घर सर्वे करना है। किसी भी क्षेत्र में कार्य में देरी या गड़बड़ी पाई जाने पर जिम्मेदार अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोग की मंशा स्पष्ट है – मतदाता सूची पूरी तरह से सही, अद्यतन और पारदर्शी होनी चाहिए। कलेक्टर डॉ. गर्ग ने कहा, "निर्वाचन कार्य संवेदनशील है, और इसमें किसी भी स्तर की लापरवाही चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकती है। इसलिए सभी अधिकारी समयबद्ध तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन करें।"

## जरूरत मंद एवं अनाथ बच्चों को कंबल की वितरित

जयपुर टाइम्स




**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** उद्योगपति एवं समाज सेवी सजन बजाज का 66 वा जन्मदिन पर तारादेवी रामेश्वर लाल बजाज चैरिटेबल ट्रस्ट मुंबई के सीईओ दिनेश पारीक प्रतिनिधि लक्ष्मणगढ़ निवासी संदीप बजाज ढांढण दादी परिवार के मंत्री मुकेश बजाज तारादेवी रामेश्वर लाल बजाज उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य रुपाराम ने अपनी पाठशाला चूरू में पढ़ रहे अभावग्रस्त वंचित एवं फुटपाथ पर रहने वाले अनाथ बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु उच्च गुणवत्ता की 202 मिंक कंबल वितरित की गई व विद्यालय में बनने वाली रसोई हेतु राशन सामग्री भी प्रदान की गई, कंबल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।विद्यालय प्रबंधक धर्मवीर जाखड़ द्वारा जन सहयोग से चलाई जाने वाली अपनी पाठशाला की व्यवस्थाओं को देखकर वक्ताओं ने विद्यालय एवं स्टाफ की भूरी-भूरी प्रशंसा की विद्यालय में बिना किसी शुल्क के वंचित अनाथ फुटपाथ पर रहने वाले बच्चे या जिनके माता-पिता उन्हें छोड़ कर चले गए ऐसे बच्चों को गुणवत्तापूर्वक अध्यापन कार्य करवाया जाता है। सजन बजाज के जन्मदिन पर लक्ष्मीनाथ सेवा समिति के तत्वाधान में वृंदावन सैकड़ों वृद्ध माताओं एवं साधुसंतों को प्रसादी भोजन तारादेवी रामेश्वर लाल बजाज उच्च माध्यमिक विद्यालय के समस्त बच्चों को प्रसादी भोजन एवं लक्ष्मणगढ़ स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में ढांढण दादी परिवार के तत्वाधान में निशुल्क भोजन का आयोजन किया गया है इस दौरान विद्यालय के ओमप्रकाश,जितेंद्र,योगेश दलिप , रामकिशन मौजूद रहे।

## *सहायक अभियंता के साथ गाली गलोच-मारपीट, शाम तक मनाने के प्रयास जारी*

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पंचायत समिति में कार्यरत सहायक अभियंता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस थाने में दिए गए परिवाद में सहायक अभियंता जुगल किशोर जाटोलिया ने बताया है कि 10 नवम्बर को दोपहर करीब दो बजे राजकीय कार्य विधायक मद के कार्यों की ऑनलाईन प्रगति को जाने के लिए रवाना हो रहा था। तभी पंचायत समिति की पार्किंग से मेरी गाड़ी निकालने के लिए गया, वहां मेरी कार के पीछे ग्राम पंचायत के प्रशासक की गाडी खड़ी थी, जिसके कारण मेरी गाड़ी नहीं निकल पा रही थी। सहायक अभियंता ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया है कि इस पर मैंने गाड़ी में बैठे दो युवकों से, जो दिन में ही गाड़ी में शराब का सेवन कर रहे थे, से गाड़ी निकालने हेतु निवेदन किया। जिस पर दोनों ने जाति सूचक गालियां निकाली और कहा कि तुम लोग आरक्षण से अधिकारी बन जाते हो, तुम्हें आता-जाता कुछ नहीं है। तुमने एम बी भरने से मना कैसे कर दिया, तुम्हें हमारे कहे अनुसार एमबी भरनी पड़ेगी, अगर तुम्हें यहां नौकरी करनी है। ऐसा कहते हुए आरोपी नीचे उतरे और मेरे साथ थाप मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। मेरे द्वारा बचाओ-बचाओ का रोला करने पर अमित प्रजापत व मंजू शर्मा भागकर आए और बीच बचाव किया, इतने में वहां पर पंचायत का प्रशासक भी आ गया और मुझे जाति सूचक गालियां निकाली और राजकार्य में व्यवधान पैदा किया। मंजू शर्मा को पंचायत समिति कार्यालय में जाकर गालियां दी। दूसरी ओर इस घटना को लेकर सीआई बैगाराम मीणा से बात करने पर उन्होंने बताया कि शाम तक मुकदमा नहीं हुआ है। वहीं पंचायत समिति कार्यालय जाकर देखने पर अंदरखाने कर्मचारियों में इस घटना को लेकर आक्रोश नजर आया। कर्मचारियों ने एक ज्ञापन भी बीडीओ को सौंपने की तैयारियां कर रखी थीं। लेकिन मंगलवार को दिन भर और शाम तक पीड़ित परिवादी सहायक अभियंता को मनाने और उन पर दबाव बनाने के लिए काफी लोग सक्रिय नजर आए। वहीं सहायक अभियंता को मना रहे लोगों ने बताया कि पंचायत समिति के अन्दर का मामला है, अन्दर ही निपट जाए, तो अच्छा है। अगर राजीनामा नहीं होता, तो मुकदमा तो लास्ट में होना ही है। दूसरी ओर विकास अधिकारी रवि कुमार ने कहा कि सहायक अभियंता व्यक्तिगत रूप से कार्यवाही कर रहे हैं, कर्मचारी अगर मुझे कोई ज्ञापन देते हैं, तो आगे भेज दिया जायेगा।

## ज्ञापन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की, दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निसं.)** तारानगर कस्बे से गुजरने वाले राज्य राजमार्ग संख्या 6 पर खसरा नंबर 342/578 और 563 की भूमि पर अतिक्रमण के कारण लगातार सड़क हादसों का खतरा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने इस संबंध में उपखंड अधिकारी तारानगर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। एडवोकेट प्रभुदयाल ने बताया कि यह अतिक्रमण चोखी ढाणी होटल के सामने स्थित एक तीव्र मोड़ के पास किया गया है। यह मोड़ पहले से ही दुर्घटना संभावित क्षेत्र के रूप में चिह्नित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां उगी झाड़ियाँ और पत्थर (किंकरे) दृश्यता को बाधित करते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। राज्य राजमार्ग संख्या 6 दिल्ली, बीकानेर और जैसलमेर को जोड़ने वाला एक प्रमुख मार्ग है। इस पर सैन्य गतिविधियां, सालासर, रामदेवरा और देशनोक जाने वाले श्रद्धालुओं की पैदल यात्राएं तथा भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। सर्दियों के मौसम में कोहरा और तीव्र मोड़ मिलकर हादसों की संभावना को और बढ़ा देते हैं। ज्ञापन में परियोजना निदेशक आर.एस.आर.डी.सी. चूरू को निर्देश देने की मांग की गई है। इसमें राजस्व विभाग की टीम से मौके पर पैमाइश करवाकर सटीक निशानदेही करने और अवैध अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया गया है। साथ ही, उच्च न्यायालयों के जनहित संबंधी निर्णयों और राज्य सरकार के अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत राजमार्ग की भूमि को मुक्त कराकर आमजन के लिए सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट नरेंद्र प्रजापत, एडवोकेट देवकरण प्रजापत, एडवोकेट जैनपाल साहू ,एडवोकेट एडवोकेट प्रभु दयाल, सहारण एडवोकेट मनोज राहड़, एडवोकेट अमिलाल सहारण, एडवोकेट मनीष सिहाग आदि मौजूद थे।

## चैक अनादरित मामले में एक वर्ष का कारावास, 7 लाख जुर्माने से दण्डित

**तारानगर(निस.)** तारानगर न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारी अजयदीप सिंह ने तारानगर क्षेत्र गाँव जिगसाना ताल के शिवशंकर पुत्र श्यामलाल शर्मा को चैक अनादरित मामले में एक वर्ष का कारावास व 7 लाख रूपये जुर्माने से दण्डित किया। अधिवक्ता राजेन्द्रसिंह राठौड़ न्यांगली ने बताया कि तारानगर के संजय जांगिड़ पुत्र सुभाषचन्द्र जांगिड़ से शिवशंकर ने घरेलू आवश्यकता के लिये 4,25,000 रूपये उधार लिये थे, जिसके पेटे शिवशंकर ने संजय जांगिड़ को एक चैक दिया था जो विहित अवधि के भीतर उक्त चैक की रकम का भुगतान प्राप्त करने हेतु संजय जांगिड़ ने बीओबी बैंक में उक्त चैक प्रस्तुत किया, जो शिवशंकर के खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण उक्त चैक बैंक द्वारा अनादरित हो गया, जिस बाबत 15 दिन का शिवशंकर को रकम अदा करने का नोटिस दिया, जिसके बाद भी शिवशंकर द्वारा उक्त राशि नहीं अदा की तो संजय जांगिड़ ने शिवशंकर के खिलाफ चैक अनादरण का न्यायालय में परिवाद पेश किया, जिस पर न्यायालय द्वारा शिवशंकर को तलब किया जाकर पत्रावली पर आये दस्तावेजों का गहन अध्ययन कर व संजय जांगिड़ की साक्ष्य लेखबद्ध कर शिवशंकर को दोषी मानते हुये एक वर्ष के कारावास व 7 लाख रूपये जुर्माने से दण्डित किया। परिवादी संजय जांगिड़ की तरफ से पैरवी अधिवक्ता राजेन्द्रसिंह राठौड़ न्यागंली ने की।

# झुंझुनूं में पूर्व सैनिकों की पेंशन का समाधान मौके परः जयपुर से आई स्पर्श टीम ने तकनीकी खामियां दूर की



**झुंझुनूं(निसं.)।** जिले के पूर्व सैनिकों और पारिवारिक पेंशनरों के लिए मंगलवार का दिन राहत लेकर आया, जब रक्षा मंत्रालय के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जयपुर से आई स्पर्श टीम ने झुंझुनूं में स्पर्श आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन पूर्व सैनिकों और पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना था, जिन्हें स्पर्श पोर्टल के माध्यम से पेंशन प्रक्रिया में तकनीकी या दस्तावेज़ संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना) जयपुर से आई विशेषज्ञ टीम ने पेंशनर्स की व्यक्तिगत फाइलों की जांच कर कई मामलों का तत्काल निपटारा किया। झुंझुनूं में पूर्व सैनिकों की पेंशन का समाधान मौके पर बोले-जमीनी स्तर पर हो रहा समाधान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल पूनिया ने बताया कि यह कार्यक्रम रक्षा मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत देशभर में पूर्व सैनिकों की समस्याओं को जमीनी स्तर पर समझकर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म स्पर्श के माध्यम से पेंशन वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाया गया है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में रहने वाले कई पेंशनर्स को इसके तकनीकी पहलुओं की जानकारी न होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह आउटरीच प्रोग्राम उनके लिए बहुत सहायक साबित हो रहा है। कर्नल पूनिया ने बताया कि झुंझुनूं जिले से बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त सैनिक और उनके परिजन पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। कुछ मामलों में लॉगिन, दस्तावेज अपलोड, डिजिटल सत्यापन और बैंक विवरण अपडेट जैसी समस्याएं सामने आ रही थीं। इन सभी को देखते हुए जयपुर स्थित रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना) कार्यालय ने विशेष टीम को झुंझुनूं भेजा। यह टीम दिनभर जिले के पूर्व सैनिकों और विधवा पेंशनर्स से सीधे मिलकर उनकी समस्याएं सुन रही है और पोर्टल पर तत्काल समाधान कर रही है। पूर्व सैनिक सुभाष कुमार, जो झुंझुनूं तहसील क्षेत्र के निवासी हैं, ने बताया कि वे पिछले छह महीने से अपने बैंक खाते से पेंशन न आने की समस्या से परेशान थे। जयपुर मुख्यालय से कई बार संपर्क करने के बाद भी समस्या हल नहीं हो पा रही थी। आज स्पर्श टीम द्वारा जांच करने पर पता चला कि बैंक IFSC कोड में तकनीकी त्रुटि थी, जिसे मौके पर ही अपडेट कर दिया गया। अब अगले माह से उन्हें पेंशन मिलने लगेगी। इसी तरह, विधवा पेंशनर संतोष देवी ने बताया कि पति के निधन के बाद उन्हें पारिवारिक पेंशन के लिए आवेदन करना था, लेकिन ऑनलाइन प्रक्रिया जटिल लग रही थी। स्पर्श टीम ने सभी आवश्यक दस्तावेज स्कैन करके तुरंत आवेदन पंजीकृत कर दिया। उन्होंने कहा, "हम जैसे ग्रामीण लोगों के लिए यह टीम बहुत बड़ी मदद है। अब जयपुर या दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। कर्नल पूनिया ने बताया कि टीम ने जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए पेंशनर्स के आवेदन भी लिए हैं। जो समस्याएं तकनीकी स्तर पर तुरंत हल नहीं हो पा रही हैं, उन्हें जयपुर मुख्यालय भेजा जा रहा है ताकि एक सप्ताह के भीतर समाधान किया जा सके।

# वन्दे मातरम कार्यक्रम अन्तर्गत स्वच्छता की दिलाई शपथ

जयपुर टाइम्स



**रतननगर(निसं.)** राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आमजन में देश भक्ति, स्वदेशी एवं राष्ट्रीय भावना को सुदृढ़ करने के कार्यक्रमों की श्रृंखला में यहां मंगलवार को नगरपालिका रतननगर द्वारा पालिका अध्यक्ष निकिता गुर्जर के मुख्य आतिथ्य एवं अधिशाषी अधिकारी भरत गौड़ की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों, आमजन एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की नगरपालिका प्रांगण से लेकर खेल मैदान तक रैली निकालकर स्वच्छता का न केवल संदेश दिया बल्कि स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की उपस्थितजनों को शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष निकिता गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वंदे मातरम की भावना को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक पहुंचाकर राष्ट्र के प्रति समर्पण, सेवा और संवेदना को पुनः जागृत किया है। वंदे मातरम से प्रेरणा लेकर हम सब मिलकर एक सशक्त समरश और प्रगतिशील भारत का निर्माण करें। अधिशाषी अधिकारी भरत गौड़ ने कहा कि राष्ट्र गीत वंदे मातरम भारत के स्वाधीनता आंदोलन का मूल मंत्र था। वंदे मातरम हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ो और राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। हम सभी अपनी मिट्टी के प्रति कृतज्ञय रहे तथा देश पहले, मैं बाद में के विजन को आत्मसात करें। इस अवसर पर रतननगर चिल्ड्रन एकेडमी के स्कूली छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम के नारों से खेल मैदान को गूंजायमान कर दिया। इस दौरान पार्षद ओमप्रकाश जांगिड़, बंटी गुर्जर, शंकरलाल, कनिष्ठ सहायक मनोहर सिंह, शंकरलाल पूनियां, पीआरओ किशनलाल उपाध्याय, होमेन्द्र सिंह, राजाराम यादव, दीपिका, मोनिका एसबीएम एमआईएस इंजीनियर, रमेश, कृष्ण सिंह सहित गणमान्यजन उपस्थित थें।

## आयुक्त के इस्तीफे की मांग, पुतला दहन कर जताया विरोध



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** राम मंदिर के पास, AU BANK के सामने वार्ड नंबर 34, 35, 36 की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क पर गंदा पानी जमा होने से होने वाली आमजन को परेशानी के कारण नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह का पुतला दहन कर सामूहिक विरोध प्रदर्शन किया गया। इस सड़क पर बाबोसा मंदिर जैसा पवित्र धार्मिक स्थल स्थित है, जिसके कारण श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। जगदीश प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि पिछले एक साल से गंदा पानी जमा होने के कारण व्यापार ठप हो गया है, मच्छरों के कारण महामारी फैलने का डर सता रहा है कई लोग अभी तक इसमें गिरकर घायल हो चुके हैं। अंतिम शव यात्रा भी इसी रस्ते से होकर गुजरने के कारण आमजन परेशान है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आयुक्त की इस्तीफे की मांग की। अभिलाषा सिंह की हठधर्मिता के कारण कई वार्डो के लोग नरकमय जीवन जीने को मजबूर है। विरोध प्रदर्शन में सत्य नारायण व्यास, प्रमोद शर्मा, मुरारी लाल जैन, पुरुषोत्तम लाल पटवारी, विजय कोठारी, कुलदीप सैनी, पूर्णमल गहलोत, विनोद जांगिड़, नौरतन मल, कुलदीप जांगिड़, महावीर प्रसाद कटारिया, ओम सिंह राकावत, इंद्रजीत प्रजापत, अमित शर्मा, भास्कर अग्रवाल, विनोद राठी उपस्थित रहे।

## श्री नाथ नगर गौशाला की प्रथम कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** कस्बे में श्री नाथ नगर गौशाला की कार्यकारिणी बैठक नवनिर्वाचित अध्यक्ष कालूराम कुण्डलिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यकारिणी बैठक में अध्यक्ष कुन्डलिया द्वारा गौशाला सम्बन्धित चर्चा की। आगामी वर्ष तक संचालन हेतु चारे की व्यवस्था पर चर्चा की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में उपाध्यक्ष प्रमोद मारू,कोषाध्यक्ष मूलचंद सोनी, पवन बोथरा,तुलसीराम पाण्डे, कमल दाधीच,जयचंद महावर, शंकर लाल सैनी, शंकर पाण्डे, श्याम सुंदर पाण्डे, पूनम चंद्र गर्ग, शिवरतन पाण्डे, मंत्री गोरख पाण्डे,राजकुमार, बिनायकिया,पवन कुमार वर्मा सहित गौशाला पदाधिकारी और गो भक्त मोजूद थे।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक:

## जिला कलेक्टर ने योजनाओं का लिया फीड बैक



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते हुए विभिन्न योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने जिले में चल रहे एसआईआर अभियान के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि इस अभियान को और अधिक गति देवे और शत प्रतिशत मतदाताओं का पंजीकरण करवा सुनिश्चित करे। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को भी इसमें आपसी सहयोग की भावना के तहत कार्य करने की बात कही। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने, खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गिव अप अभियान, वंदे मातरम @ 150 अभियान के बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के जिले स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## यूथ गेम्स वालीबॉल चैंपियनशिप में चयन



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)।** आदर्श विद्या मंदिर स्कूल मंडावा के छात्र का यूथ गेम्स वालीबॉल चैंपियनशिप में चयन हुआ है। विद्यालय निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने बताया कि छात्र कार्तिक परिहार पुत्र संजय परिहार का चयन नेपाल में होने वाली यूथ गेम्स वॉलीबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है।

## *श्रीराम कथा में हुआ राम जन्म, पंडाल हुआ राममय, सजी झांकियां, कथा वाचक ने कहा भगवान के प्रति निष्ठा होने से होता है कल्याण*

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** 11/11/2025 शहर के पुलिया संख्या चार के पास शिवाजी सेवा संस्थान में चल रही श्रीराम कथा के चतुर्थ दिन मंगलवार को कथा वाचक संत प्रहलाद महाराज ने कहा कि भगवान में निष्ठा व विश्वास होने से ही मन के भाव बदलते हैं और जीवन मंगलमय हो जाता है। भगवान के भजन में जो शांति व आनंद मिलता है, वह सदा साथ रहता है। भगवान हमारे हैं और भगवान हमारे हैं, यही साधना का सार है। महाराज ने ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है और गाय, धर्म व पृथ्वी को आसुरी शक्तियों द्वारा कष्ट पहुंचाया जाता है, तब-तब ईश्वर अनेक रूपों में धर्म की पुनः स्थापना करने के लिए धरती पर अवतरित होते हैं। राम जन्म के अवसर पर पांडाल को सजाया गया तथा शिव विवाह की झांकी भी सजाई गई। महाराज ने शिव विवाह, रामजन्म आदि प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान भगवती देवी-गोविंद प्रसाद मिटावा व जयदेव प्रसाद मिटावा ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की।



इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, हरिप्रसाद हर्षवाल, भंवरलाल मिटावा, लक्ष्मीनारायण मिटावा, गोविंदप्रसाद बबेरवाल, हिमांशु मिटावा, ओमप्रकाश मिटावा, कथा वाचक कोमल किशोरी, श्रवण मिटावा, श्यामसुंदर गुर्जर गौड़, भागीरथ मिटावा, लक्ष्मीनारायण बावलिया, रामरतन प्रजापत, गोविंदप्रसाद पुरोहित, सांवरमल माटोलिया, दीनदयाल सोनी, हीरालाल नोहल, गोपीकिशन प्रजापत, मुकेश, पवन सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सुबह के समय प्रभात फेरी में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। श्रद्धालुओं द्वारा धर्म ध्वजा पर पुष्प वर्षा एवं रास्तों पर रंगोलियां बनाकर व दीप जलाकर स्वागत किया। सोमवार की शाम कथा पंडाल में संत प्रहलाद महाराज के सानिध्य में बच्चों को गीता अभ्यास भी करवाया गया।

## डीवाईएसपी को ज्ञापन देकर चोरियों पर अंकुश लगाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने डीवाईएसपी को पुलिस अधीक्षक चूरु के नाम ज्ञापन देकर तहसील क्षेत्र में बढ़ती चोरियों पर अंकुश लगाने, गस्त बढ़ाने सहित अनेक मुद्दों को लेकर की मांग की है। आरएलपी के रुपचन्द सहारण ने बताया चार दिन पहले मेलूसर ग्राम पंचायत के गांव बलाल में रात्रि को सेंध लगाकर चोरों ने दो दो बकरी चोरी की और शहरी क्षेत्र व ग्रामीण अंचल में आए दिन किसी न किसी जगह चोरी होती रहती है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। रात्रि के समय चोर मवेशिया एवं अन्य पशुओं की गांव में चोरी करते हैं। पुलिस का प्रभावी अंकुश नहीं होने से उनके हौसले बुलंद है। पुलिस की माकुल व्यवस्था एवं प्रभावी गस्त नहीं होने से चोरों पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। शहरी क्षेत्र में भी लोगों के घरों में चोरों द्वारा सेंधमारी कर लगातार चोरियां की जा रही है। वर्तमान में सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका है। सर्दी के दौरान चोरियां बढ़ने की संभावना ज्यादा रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस बीट कांस्टेबल की नियुक्ति करने एवं गांव व शहर में जन सामान्य सुरक्षा की जागरूकता बढ़ाने की नितान्त आवश्यकता है। गांव में जो संदिग्ध व्यक्ति घूम-घूम कर सम्मान आदि बेचते हैं उनकी पहचान की जाए और बिना पहचान पत्र से उन्हें सामान आदि बेचने से रोका जाए। आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करते हुए चोरियों पर अंकुश लगाया जाए। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष धीरेंद्र सैनी, रुपचन्द सहारण, बलबीर भारती, आशिष कुड़ी, लक्ष्मण सिंह डूडी, सोनू, अमित आदि पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्रामीण किसान छात्रावास रतनगढ़ की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

### 07 दिसंबर को होगा भामाशाह सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** ग्रामीण किसान छात्रावास रतनगढ़ की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक छात्रावास परिसर में अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 07 दिसंबर को भामाशाह सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया और समारोह के आयोजन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में भामाशाह पट्ट, मोमेंटो, मुख्य अतिथि ,मुख्य वक्ता तथा अन्य व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श हुआ तथा कमेटियों का गठन किया गया। बैठक में नवनिर्मित पुस्तकालय (वाचनालय) के संचालन के लिए पुस्तकों और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई । बैठक में अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर ने सभी को एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में सचिव पवन सेवदा, कोषाध्यक्ष खींवाराम ख्यालिया, जाट बौद्धिक मंच के अध्यक्ष मुकन्दाराम नेहरा, नानूराम बिरड़ा, भगवाना राम डूडी,गोपालराम धायल ,शिवलाल सिंह ढेवा, साांवरमल बड़जाती, हनुमान न्यौल, रामेश्वर लाल सूंडा,किशनलाल कड़वासर, बिशनलाल रुलानिया, पूराराम गांधी, शीशपाल बिरड़ा,माणकचन्द धेतरवाल ,रामकृष्ण थालौड़, शुभकरण नैण,सोहनलाल चबरवाल, रामचंद्र खीचड़, भंवरलाल पूनिया, अर्जुन राम कुलहरि, पप्पू कड़वासरा, रामलाल भींचर, किशोर बिजारणिया, भंवरलाल पूनिया, रामकृष्ण भंवरिया,रामचंद्र ऐचरा उपस्थित थे।



## राणी शक्ति जन्मोत्सव उत्सव गुरुवार को, तैयारियों में जुटे भक्त

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर।** श्री राणी शक्ति भक्त मण्डल द्वारा दादीजी के जन्मोत्सव पर 13 नवम्बर गुरुवार को स्थानीय श्री अग्रसेन भवन में दोपहर 12:15 बजे से मुजफ्फरपुर निवासी मनमोहन राजीव सोनी के मुखारविंद से संगीतमय भव्य मंगल पाठ का आयोजन रखा गया है। स्थानीय समाजसेवी उद्योगपति पुरुषोत्तम लाल जैसनसरिया सपत्नीक जोत लेकर मंगल पाठ का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण दादीजी का खजाना शाम 6 बजे खोला जायेगा। जिससे भाग्यशाली भक्तों को उपहार दिया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्याम सुंदर मित्तल, हनुमान प्रसाद कन्दोई, पवन पोद्दार, राम?अवतार मित्तल, हेमंत मेहरीवाला, अशोक बांयवाला, रवि बांयवाला, अजीत कंदोई, सुमन डागा, मीना मित्तल, मिनाक्षी अग्रवाल, श्रेया लढिया, करिश्मा मित्तल सहित भक्त मण्डल के समस्त कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत फोंगा भरथरी
पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक :- 77 दिनांक :- 10/11/2025

**निविदा सूचना 2025-26**

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2025-26 में विभन्न कार्यों के लिये इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https//sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN- PDN2526SSOB00220

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत फोंगा भरथरी
प.स.- सरदारशहर

प्रशासक
ग्राम पंचायत फोंगा भरथरी
प.स.- सरदारशहर

## कार्यालय ग्राम पंचायत उड़सर लोडेरा
पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक :- 223 दिनांक :- 11/11/2025

**निविदा सूचना 2025-26**

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2025-26 में विभन्न कार्यों के लिये इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https//sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN- PDN2526SSOB00219

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत उड़सर लोडेरा
प.स.- सरदारशहर

प्रशासक
ग्राम पंचायत उड़सर लोडेरा
प.स.- सरदारशहर

## कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

कमांक : न.प.सु/भूमि शाखा/2025/7856 दिनांक 10–11–2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा 69ए के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो, आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क. सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | पता | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय/ व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती नसीम बानो पत्नी श्री बाबु खान | सुजानगढ़ | तोकिर हसन मस्जिद के पास वार्ड 48 | 210.70 | आवासीय |
| 02. | श्री संजय खान पुत्र श्री बाबु खान | सुजानगढ़ | तोकिर हसन मस्जिद के पास वार्ड 48 | 140.46 | आवासीय |

आयुक्त
नगरपरिषद सुजानगढ़

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल रतनगढ़ (राजस्थान)

क्रमांकः- नपार / भूमि / 2025 / 4091-93 दिनांक : 11.11.55

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचति किया जाता है कि निम्नांकित आवेदकगण द्वारा नीचे अंकित प्रयोजन हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये हैं। उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्थान को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, तय समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत नहीं होने पर आगामी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। बाद मियाद कोई उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | दिनांक | नाम आवेदकगण | भू-खण्ड का क्षेत्रफल | वांछित प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 01 | LDR/RTNG/2025-26/314380 DATE 07-11-2025 | श्री पृथ्वीराज लढा एवं श्री प्रदीप कुमार लढा पुत्र स्व0 श्री लक्ष्मीनारायण लढ़ा, शास्त्री नगर, वार्ड नं0 33, रतनगढ़ (चूरू) | 260.22 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रतनगढ़

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26 9822 दिनांक- 11/11/25

**आपत्ति विज्ञि**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न पालिका अंकित आवेदकों ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क / कृषि भूमि के तहत आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वाभिम्य पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यार्पित के तहत् स्वामित्व पट्टे आवंटन हेतु पत्रावलीया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलीयों के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी आपत्ति हो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अन्दर मियाद 03 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| क्र.स. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसर संख्या | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री नवल कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद प्रजापत | वार्ड न. 35 | 151.85 वर्गमीटर | 451 | कृषि भूमि |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

राजस्थान सरकार

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु

ई-44 अग्रसेन नगर चूरू फोन नं. 01662-254670
क्रमांक प.01()/चि.स्वा./ खण्ड-चूरू / 2025-26 / 645 दिनांक-3/11/25

**निविदा सूचना संख्या :- 14 / 2025-26**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु के अन्तर्गत जिला चूरू एवं हनुमानगढ़ में उप स्वा. केन्द्रो के भवन निर्माण एवं प्रा. स्वा. केन्द्रों पर रिपेरय कार्य के कार्य राशि रु. 48.50 लाख तक के कार्य के लिए निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www. dipronline. org,http// sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

UBN No.
1. NRH2526WSOB01422

(इमरान खान)
अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
खण्ड चूरू

DIPR/C/16367/2025

## 12 नवंबर को होगा जिला परिषद की साधारण सभा का आयोजन

### जिला परिषद सभागार में जिला प्रमुख की अध्यक्षता में होगी बैठक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जिला परिषद सभागार में बुधवार, 12 नवंबर 2025 को प्रातः 11 बजे विशेष साधारण सभा की बैठक होगी। जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली बैठक में बिजली, पानी, सड़क, रसद सहित आमजन से जुड़े अन्य अहम बिन्दुओं पर चर्चा होगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि बैठक में पंचायतीराज संस्थानों को हस्तांतरित पांच विभागों के कार्य कलापों, विगत बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन, महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत पूरक कार्य योजना वर्ष 2025-26 के अनुमोदन एवं पट्टा पत्रावलियों का अनुमोदन सहित अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर मंथन किया जाएगा। बैठक में जिला परिषद के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## कृषि अधिकारी (कृषि विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024, 52 अभ्यर्थी मुख्य सूची में सफल घोषित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि अधिकारी (कृषि विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन उपरांत मुख्य सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षांतर्गत 19 मई 2025 को जारी विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य संबंधित विभाग द्वारा किया गया। पात्रता जांच उपरांत विज्ञापित पदों के विरुद्ध 52 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

## अंता की जनता ने भाजपा के प्रति अपना विश्वास फिर से किया व्यक्त : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अंता विधानसभा उपचुनाव में हुए भारी मतदान के लिए क्षेत्र के मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अंता की जनता ने लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है, जिससे यह स्पष्ट है कि लोगों का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बनी डबल इंजन की सरकार पर लगातार बना हुआ है। राठौड़ ने कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र में करीबन 80 फीसदी से अधिक मतदान हुआ है, जो बेहद उत्साहजनक है और हमारे लिए यह एक सुखद संकेत है। भाजपा को पूर्ण विश्वास है कि पार्टी इस चुनाव में अच्छी संख्या में मतों के अंतर से विजयी होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी ने इस उपचुनाव को जनता के असली मुद्दों विकास, सुशासन और पारदर्शिता पर लड़ा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने बीते लगभग दो वर्षों में राज्य के हर वर्ग के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। विशेष रूप से इस क्षेत्र के लिए ईआरसीपी परियोजना की स्वीकृति मिलने से लोगों में नई उम्मीद जगी है। जनता को अब यह भलीभांति समझ में आ गया है कि उनकी चिंता केवल भारतीय जनता पार्टी ही करती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अंता सीट भाजपा की थी, जिसे पार्टी पुनः भारी बहुमत से जीतने जा रही है। कांग्रेस ने राजनीतिक षड्यंत्र रचकर हमारे उम्मीदवार को फँसाने का प्रयास किया था, जबकि वे निचली अदालत से बरी हो चुके थे। जनता ने कांग्रेस की इस साजिश को भलीभांति समझ लिया है और भाजपा के पक्ष में एकजुट होकर मतदान किया है। राठौड़ ने सभी मतदाताओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि अंता की जनता ने भाजपा के प्रति अपना विश्वास फिर से व्यक्त किया है और परिणाम पार्टी के पक्ष में स्पष्ट रूप से नजर आ रहे हैं।

## जिला कोटपूतली-बहरोड़ का लेन ड्राईव अभियान में उत्कृष्ठ प्रदर्शन

### पुलिस अधिकारियों को मिला सम्मान, आमजन को किया जागरूक

**कोटपूतली(निसं.)** कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस द्वारा लेन ड्राईव अभियान में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया गया। इस उपलब्धि पर राजधानी जयपुर में आयोजित समारोह में जिले के पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 48 पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चलाये गये लेन ड्राईव अभियान में उत्कृष्ठ एवं बेहतर कार्य किया गया। उल्लेखनीय हैं कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज राहुल प्रकाश द्वारा नवीन लेन ड्राईव अभियान की शुरुआत की गई थी। जिसका मुख्य लक्ष्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं को कम करना था। अभियान के तहत पहले वाहन चालकों को लेन ड्राईविंग के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद पुलिस व परिवहन विभाग के सहयोग से इन नियमों को सख्ती से लागू किया गया। समारोह में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा द्वारा कोटपूतली एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेंद्र कुमार बुरड़क, कोटपूतली थाना अधिकारी राजेश कुमार शर्मा व भाबरू थानाधिकारी अंकित सामरिया को सम्मानित किया गया। समारोह में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज राहुल प्रकाश, कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिष्णोई समेत पुलिस अधिकारी मौजूद रहें।

## विभिन्न मांगों को लेकर कृषक संगठनों ने मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली(निसं.)** इन दिनों कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित फल-सब्जी मंडी परिसर में भारी मात्रा में गाजर की फसल की आवक हो रही हैं। कोटपूतली सहित आसपास की तहसीलों से कृषक बड़ी संख्या में अपनी गाजर की फसल को बेचने के लिये मंडी परिसर में पहुंच रहे हैं। लेकिन फसलों के बेचान को लेकर मोल भाव के साथ-साथ तौल आदि बिंदुओं को लेकर मंडी परिसर में आ रहे कृषकों को विभिन्न समस्याओं व विसंगतियों का सामना करना पड़ रहा हैं। जिसको लेकर विगत कुछ दिनों से प्रगतिषील कृषक सुरेष चंद गुर्जर व राजेष कसाना निरन्तर किसानों की समस्याओं को उठा रहे थे। इसी क्रम में मंगलवार को भारतीय किसान संघ एवं राजस्थान किसान मजदूर सभा के पदाधिकारी डालचंद पटेल, अशोक कुमार, रामचन्द्र, रोशन, रामौतार व जसवंत यादव समेत सुरेश चंद गुर्जर व राजेश कसाना ने मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपकर कृषकों की विभिन्न मांगों से अवगत करवाते हुये उन पर तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेने की मांग की। मंडी सचिव ने भी सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। कृषकों ने बताया कि गाजर समेत अन्य फसलों की तय किमत लागू की जायें। जिसमें कोई भी कटौती मान्य ना हों, फसल में वजन जितना हो उसे एक साथ जोड़कर प्रति कट्टे का वजन आधा किलो के हिसाब से एक साथ जोड़कर घटाया जायें, किसानों के लिये बनाये गये प्लेटफॉर्म को पूर्णतया: अतिक्रमण मुक्त किया जायें, पल्लेदारी चार्ज को विचार विमर्श कर तय किया जायें, साथ ही मंडी परिसर में किसानों की सुविधा हेतु वजन व भाव समेत अन्य किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी होने पर शिकायत के लिये फोन नम्बर भी लिखाये जायें।

## डीजीपी राजीव कुमार शर्मा से यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर प्रतिनिधिमंडल की भेंट: पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य-व्यवहारिक पुनर्वास पर विस्तृत सहयोग



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर के वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा से मुलाकात कर मानसिक स्वास्थ्य एवं वेल-बीइंग को केंद्र में रखकर उच्चस्तरीय संवाद किया। बैठक में वर्ष 2021 में राजस्थान पुलिस और विश्वविद्यालय के बीच हुए एमओयू की समीक्षा की गई तथा उसके दायरे को विस्तृत कर भविष्य में संयुक्त पहलें शुरू करने पर सहमति बनी। डीजीपी शर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मियों का मानसिक स्वास्थ्य सार्वजनिक सुरक्षा व सेवा-गुणवत्ता से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा विषय है, इसलिए यह पुलिस संगठन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में मील का पत्थर बताया। संवाद के दौरान पुलिसकर्मियों की विविध सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों को ध्यान में रखते हुए विविधता और समावेश पर केंद्रित प्रशिक्षण, ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले अधिकारियों में व्यवहारिक कौशल और भावनात्मक लचीलेपन को सशक्त बनाने, नशा एवं पदार्थ दुरुपयोग की रोकथाम, पुनर्वास कार्यक्रमों की आवश्यकता, तथा आत्महत्या एवं हिंसा संबंधी संवेदनशील मामलों पर सहयोगी ढांचा विकसित करने पर चर्चा हुई। मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी ने शोध, प्रशिक्षण मॉड्यूल, कार्यशालाओं और काउंसलिंग फ्रेमवर्क के माध्यम से राजस्थान पुलिस की आवश्यकतानुसार सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में यह निर्णय हुआ कि दोनों पक्ष मिलकर एक विस्तारित एवं समग्र एमओयू का मसौदा तैयार करेंगे, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहारिक पुनर्वास, जेंडर एवं विविधता संवेदनशीलता, समावेशी प्रशिक्षण, पर्यवेक्षकों के लिए मेंटरिंग-सुपरविजन प्रोटोकॉल, तथा आंतरिक काउंसलिंग-रेफरल तंत्र जैसे विषय शामिल होंगे। इससे पूर्व दोपहर में पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) अनिल पालीवाल ने विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों के साथ पूर्व एमओयू की प्रगति तथा वर्तमान अपेक्षाओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अधिकारी हेलेन हॉथोर्न, वाइस डीन (इंटरनेशनलाइजेशन) प्रो. कीथ ब्रेनन, निदेशक–सोशल केयर एंड सोसाइटी रिसर्च ग्रुप प्रो. कैथरीन रॉबिन्सन, प्रो. विमल शर्मा (ग्लोबल मेंटल हेल्थ), प्रो. लूसी बर्न डेविस (एसोसिएट डीन–टीचिंग एंड लर्निंग), डॉ. इन्गो शीसेल (एसोसिएट डीन–स्टाफ/स्टूडेंट मोबिलिटी), तथा प्रिंसिपल एडवाइजर-इंडिया अपराजिता कालरा शामिल थीं। भारत से डॉ. एम.एल. स्वर्णकार, डॉ. विकास स्वर्णकार उपस्थित रहे। पुलिस मुख्यालय से डीजीपी के प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर एवं डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप, डीआईजी प्रशिक्षण शरद चौधरी, अतिरिक्त निदेशक आरपीए शंकरदत्त शर्मा और एडी सीओई ममता सारस्वत भी मौजूद रहे।

## एएनटीएफ का लोगो लॉन्च: डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने किया विमोचन, नशे के खिलाफ मुहिम को मिली नई पहचान



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को अब अपनी औपचारिक पहचान मिल गई है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में एएनटीएफ के लोगो का विमोचन किया और नशे के विरुद्ध चल रहे अभियानों को और तीव्र व प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में डीजी (लॉ एंड ऑर्डर) संजय कुमार अग्रवाल, एडीजी (एटीएस) दिनेश एम.एन., टास्क फोर्स के आईजी विकास कुमार, कुंवर राष्ट्रदीप, योगेश यादव, विकास शर्मा, दीपक अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नया लोगो एएनटीएफ की "संकल्प, समर्पण और सतर्कता" की भावना का प्रतीक है। अधिकारियों ने कहा कि यह प्रतीक चिह्न राज्यव्यापी कार्रवाइयों, जागरूकता अभियानों और समन्वित प्रवर्तन को एक सशक्त व एकीकृत पहचान देगा। डीजीपी शर्मा ने कहा कि एएनटीएफ नशीले पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला को ध्वस्त करने, अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिये निरंतर अभियान चला रही है। उन्होंने जिला स्तर पर समन्वय बढ़ाने, खुफिया सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान, तकनीकी निगरानी और फील्ड टीमों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर देने को कहा। एएनटीएफ अधिकारियों के अनुसार, नए लोगो का उपयोग अभियान-संबंधी संचार, जागरूकता सामग्री, प्रशिक्षण हैंडबुक्स और ऑपरेशनल किट्स पर किया जाएगा, जिससे टीमों की दृश्य पहचान मजबूत होगी और प्रवर्तन कार्रवाइयों का संदेश स्पष्ट रूप से जनता तक पहुंचेगा। नशे की रोकथाम के लिए समुदाय-आधारित जागरूकता कार्यक्रम, विद्यालय-कॉलेज स्तर पर सेमिनार और स्थानीय निकायों के साथ संयुक्त पहलें भी प्राथमिकता में रखी जाएंगी। विमोचन समारोह में राज्यभर में हालिया जब्ती कार्रवाइयों और तस्करी नेटवर्क पर की गई चोट के संदर्भ में आगे की रणनीति पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि कड़े प्रवर्तन के साथ–जन-जागरूकता, पुनर्वास और परामर्श सेवाएँ–एएनटीएफ के समग्र दृष्टिकोण का हिस्सा रहेंगी, ताकि नशे के दुष्चक्र को स्रोत से लेकर मांग तक प्रभावी ढंग से रोका जा सके।

## पेचवर्क के नाम पर लीपापोती: किशोरी-रायपुरा मार्ग पर 10 दिन में उखड़ा डामर, वाहन चालक परेशान, ग्रामीणों में आक्रोश



जयपुर टाइम्स

**किशोरी/थानागाजी(निसं)।** किशोरी-रायपुरा सड़क मार्ग पर किया गया पेचवर्क महज़ 10 दिन में उखड़ने लगा है। जगह-जगह डामर और गिट्टी निकलने से सड़क पर रोड़ी बिखर गई है, जिससे दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और राहगीरों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसे विभागीय लापरवाही बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विगत दो वर्षों से यह मार्ग क्षतिग्रस्त पड़ा था। स्थानीय अख़बारों में मुद्दा प्रमुखता से उठने के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने लगभग 5 किमी लंबे खंड पर मरम्मत शुरू करवाई। ठेकेदार ने करीब 1 किमी हिस्से पर पेचवर्क किया, लेकिन घटिया गुणवत्ता के कारण डामर और गिट्टी पैर की ठोकर से ही उखड़ने लगी। आगे के हिस्सों में ठेकेदार रोड़ी डालकर काम अधूरा छोड़ गया, जिससे गड्ढों के साथ ढीली गिट्टी का ख़तरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों के अनुसार पहले वे गड्ढों से जूझ रहे थे, अब फिसलन के कारण बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग का निर्माण करीब 10 वर्ष पूर्व हुआ था और समय पर रखरखाव न होने से सड़क बदहाल हो चुकी है। समस्या को लेकर ग्रामवासियों ने पहले भी थानागाजी एसडीएम और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण/नवीनीकरण की मांग की थी। लोगों का कहना है कि अधूरे और घटिया पेचवर्क से स्थिति पहले से अधिक जोखिमपूर्ण हो गई है; ऐसे में ठेकेदार पर कार्रवाई और तत्काल सुधारात्मक कार्य ज़रूरी है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी थानागाजी के सहायक अभियंता मनीष धार ने कहा कि ठेकेदार द्वारा पेचवर्क का कार्य पूरा करवाया जाएगा। वर्तमान में लेबर उपलब्ध नहीं होने से काम रुका है। जहां घटिया पेचवर्क हुआ है, वहां दुबारा कार्य कराया जाएगा और फिलहाल ठेकेदार को भुगतान भी जारी नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि किशोरी-रायपुरा मार्ग के नवीनीकरण का प्रस्ताव विभाग द्वारा प्रेषित कर दिया गया है, जिसकी मंजूरी लंबित है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मंजूरी आने तक जोखिम वाले हिस्सों पर शीघ्र अंतरिम मरम्मत, चेतावनी संकेतक और नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

## बंदरों एवं आवारा पशुओं से प्रतिदिन हो रहे हादसे

**कोटपूतली** नगर परिषद् क्षेत्र में बंदरों व आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा हैं। आये दिन इनसे संबंधित घटनाओं के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य बाजारों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर सांड व अन्य आवारा पशु पैदल राहगीरों पर हमला कर देते हैं। जिससे कई लोग घायल हो जाते हैं। हाल ही में ऐसी घटनाओं में दो से तीन लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है। उत्पाती बंदर कई बार तो बच्चों पर भी हमला कर देते हैं अभी पिछले दिनों आदर्श नगर में एक बच्चे पर बंदर द्वारा हमला किया गया था, जिससे बच्चा छत से नीचे गिर गया एवं बच्चें के पैर में फैक्चर हो गया। इस तरह की और भी अन्य कई घटनायें हो चुकी हैं। कई बार नेशनल हाईवे पर भी आवारा पशु आपस में लड़ने लगते हैं, जिससे गंभीर सड़क हादसे होने की संभावना बनी रहती है। यह स्थिति क्षेत्र के लिये अत्यंत चिंताजनक हैं, प्रशासन द्वारा इसका शीघ्र समाधान करना आवश्यक हैं।

**आम सुचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य किशनलाल माली पुत्र उदाराम जाति माली निवासी वार्ड सं07 सुल्तानी कुंआ दूदू रोड सांभरलेक जिला जयपुर हाल निवासी एक्सीडेंट फाटक के पास करणी विहार कॉलोनी के सामने नरेना रोड, सांभरलेक जिला जयपुर की पुत्री सोनू माली मेरे अभिभाष्य के अनुशासन व नियंत्रण में नही रहती तथा सामाजिक व पारिवारिक मर्यादा के अनुसार कृत्य व व्यवहार नही कर रही है तथा अपनी मनमानी करती है तथा अपनी मनमानी करते हुये उसने मेरे अभिभाष्य की बिना अनुमति, सहमति के मेरे अभिभाष्य का घर छोडकर घनश्याम कुमावत पुत्र चम्पालाल कुमावत निवासी ईरोलाव तहसील फुलेरा जिला जयपुर के साथ अन्यत्र कहीं पर चली गयी है। जिसका अता पता मेरे अभिभाष्य को नहीं है। जिससे मेरे अभिभाष्य की मान मर्यादा को ठेस पहुंची है। इसलिए मेरा अभिभाष्य सोनू माली पुत्री किशनलाल माली को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से वंचित/ बेदखल करता है तथा सामाजिक रूप से भी सोनू माली को मेरे अभिभाष्य व उसके परिवार से अलग समझा जावे। सोनू माली मेरे अभिभाष्य की प्रतिष्ठा के आधार पर किसी भी व्यक्ति से कोई लेनदेन /संव्यवहार करती है या चल अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार का इकरारनामा, संव्यवहार इत्यादि करती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संव्यवहार करने वाले व्यक्ति व सोनू माली की स्वयं की होगी। जिसके लिए मेरा अभिभाष्य किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं रहेगा।

सूचनार्थ
तेजपाल कुमार प्रजापत
एडवोकेट सांभरलेक -8890704140

**कार्यालय-राजेश सांकरोत, एडवोकेट तारानगर जिला चूरू, राजस्थान**
**निवास-साहवा वार्ड नं. 14 तहसील तारानगर (चूरू)**
मो-9529151566
वास्ते

**सर्व साधारण को सूचना**

मैं राजेश सांकरोत एडवोकेट तारानगर जिला चूरू अपने मुवक्किल श्री रामप्रसाद पुत्र पन्नाराम उम्र 87 वर्ष जाति ब्राह्मण निवासी साहवा तहसील तारानगर जिला चूरू की हिदायतानुसार यह सूचना सर्व साधारण को प्रेषित करता हूँ, कि मेरे मुवक्किल का पुत्र सुरेन्द्र उम्र 38 वर्ष है जो मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं चलता है व आवारा व्यक्तियों की संगत में पड़कर जुआरी व शराबी व आराधिक प्रवृति का हो चुका है जो अपने भले बूरे का ख्याल नहीं रखता है इसलिय मैं ये घोषणा करता हूँ कि मेरा मुवक्किल ने अपने पुत्र सुरेन्द्र को आज से अपने घर से बेदखल कर दिया है तथा मेरे मुवक्किल की चल व अचल सम्पति जिसमें रिहायशी घर, प्लाट, कृषिभूमि साहवा गांव में स्थित है में आज के बाद मेरे मुवक्किल के पुत्र सुरेन्द्र का कोई हक व हिस्सा नहीं रहा है व मेरे मुवक्किल के पुत्र सुरेन्द्र के किसी कृत्य/आपराधिक कृत्य के लिये मेरा मुवक्किल व उसके पुत्र कमशः तेजपाल, बाबुलाल व जयचन्द भविष्य में जिम्मेवार नहीं रहेगें।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR.**
No. NIT/2025-26/ 25331-40 Date:10.11.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 482 /2025-26**

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रु0 ) |
|---|---|
| Construction of Additional Three Floor (wnd to yth Floor) at Family Court Building in Animal Husbandry Department Premises at Gandhi Nagar, Jaipur. UBN-RRC2526WLOB00875 | 984.40 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http//eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.nic.in तथा http//pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

**राजस्थान पुलिस अकादमी नेहरू नगर, जयपुर**
www.rpa.rajasthan.gov.in

क्रमांकः-व-15(13)आरपीए / जन / 2025/6028 दिनांकः- 01-11- 2025

**खुली बोली आंमत्रण सूचना**

संस्था स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में रंग-पेन्ट सामान हेतु सामग्री क्रय किया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए के लिए 1 वर्ष की अवधि हेतु दर संविदा किये जाने हेतु मूल निर्माता अधिकृत विक्रेता, बोनाफाईड डीलर, एम.एस.एम.ई. एवं अन्य प्रतिष्ठित फर्मों से मोहरबन्द बोलियाँ आमन्त्रित की जाती हैं। बोली आमंत्रण सूचना सरकार के www.sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं विभागीय www.rpa.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं तथा इच्छुक निविदादाता द्वारा दिनांक 01.11.2025 से वेबसाइट 12.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे तक डाउनलोड कर प्रातः 12.30 बजे तक टेण्डर बॉक्स में जमा करवा सकते हैं जिसके लिए निविदा फॉर्म शुल्क तथा बोली प्रतिभूती का डी.डी / बैंकर्स चैक संलग्न करना होगा।

| क्र.सं. | उपापन की विषयवस्तु का उपापन | उपापन की अनुमानित लागत (राशि रूपये में) | बोली प्रतिभूति राशि | बोली प्रपत्रों का मूल्य | तकनीकी बोली खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान पुलिस आकदमी, जयपुर में होने वाले विभिन्न प्रकार के प्रोग्राम एवं अन्य कार्य के लिए स्पोर्ट्स संबधित सामान क्रय किया जाना प्रस्तावित है। पार्ट-ए के अनुसार | 4.50 लाख | अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत 9000/रू0 | 500/-रू0 | 12.11.2025 दोपहर 01.00 बजे |

राजस्थान में अवस्थित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों हेतु बोली प्रतिभूति राशि अनुमानित लागत की 1 प्रतिशत होगी एवं बोली प्रपत्र निर्धारित मूल्य के 50 प्रतिशत पर उपलब्ध कराए जाऐंगे। उक्त के सम्बन्ध में बोलीदाता को सम्बन्धित वर्ग के पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त के अभाव में छूट देय नहीं होगी। संलग्न - बोली की शर्तें, वांछित तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय प्रपत्र ।

DIPR/C/16335/2025

सहायक निदेशक (प्रशासन)
राजस्थान पुलिस अकादमी,
जयपुर ।

**राजस्थान पुलिस अकादमी नेहरू नगर, जयपुर**
www.rpa.rajasthan.gov.in

क्रमांकः-व-15(13)आरपीए / जन / 2025/6027 दिनांकः- 01-11- 2025

**खुली बोली आंमत्रण सूचना**

संस्था स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में रंग-पेन्ट सामान हेतु सामग्री क्रय किया जाना प्रस्तावित है जिसके लिए के लिए 1 वर्ष की अवधि हेतु दर संविदा किये जाने हेतु मूल निर्माता अधिकृत विक्रेता, बोनाफाईड डीलर, एम.एस.एम.ई. एवं अन्य प्रतिष्ठित फर्मों से मोहरबन्द बोलियाँ आमन्त्रित की जाती हैं। बोली आमंत्रण सूचना सरकार के www.sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं विभागीय www.rpa.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं तथा इच्छुक निविदादाता द्वारा दिनांक 01.11.2025 से वेबसाइट 12.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे तक डाउनलोड कर प्रातः 12.30 बजे तक टेण्डर बॉक्स में जमा करवा सकते हैं जिसके लिए निविदा फॉर्म शुल्क तथा बोली प्रतिभूती का डी.डी / बैंकर्स चैक संलग्न करना होगा।

| क्र.सं. | उपापन की विषयवस्तु का उपापन | उपापन की अनुमानित लागत (राशि रूपये में) | बोली प्रतिभूति राशि | बोली प्रपत्रों का मूल्य | तकनीकी बोली खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में रंग-पेन्ट संबंधित सामग्री क्रय किया जाना प्रस्तावित है। पार्ट-ए के अनुसार | 5.50 लाख | अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत 11000/रू0 | 500/-रू0 | 12.11.2025 दोपहर 01.00 बजे |

राजस्थान में अवस्थित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों हेतु बोली प्रतिभूति राशि अनुमानित लागत की 1 प्रतिशत होगी एवं बोली प्रपत्र निर्धारित मूल्य के 50 प्रतिशत पर उपलब्ध कराए जाऐंगे। उक्त के सम्बन्ध में बोलीदाता को सम्बन्धित वर्ग के पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त के अभाव में छूट देय नहीं होगी। संलग्न - बोली की शर्तें, वांछित तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय प्रपत्र ।

DIPR/C/16334/2025

सहायक निदेशक (प्रशासन)
राजस्थान पुलिस अकादमी,
जयपुर ।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर रतनगढ़ में विधिक साक्षरता सत्र, विद्यार्थियों को बताए मौलिक अधिकार



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** श्री महादेव जालान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रतनगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा विधिक साक्षरता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संतोष बाबू इन्दौरिया, एडवोकेट लक्ष्मण प्रजापत और सचिव लक्ष्मी सैनी ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा दैनिक जीवन में उपयोगी कानूनों—जैसे बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा, लैंगिक समानता और निःशुल्क विधिक सहायता—की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि जागरूक नागरिक बनने के लिए कानून की बुनियादी समझ आवश्यक है। संतोष बाबू इन्दौरिया ने विद्यार्थियों से "ज्ञान के साथ संस्कार" पर जोर देते हुए नैतिक शिक्षा, अनुशासन और संवैधानिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने शाला स्तर पर विधिक जागरूकता क्लब बनाने और संदेह समाधान हेतु हेल्पलाइन/काउंसलिंग का लाभ लेने की सलाह दी। कार्यक्रम में अन्नम भारद्वाज, भानु प्रकाश इन्दौरिया, चन्द्रप्रकाश शर्मा, सरोज नौहाल, मनोरमा कसेरा, दीक्षा शर्मा, उषा यादव, मंजुलता, सोहनलाल आदि उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## रतनगढ़ मेगा हाइवे पर ट्रोला पलटा, खलासी की मौत, चालक गंभीर



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** मंगलवार को आईटीआई गोलाई के पास मक्की से भरा ट्रोला अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक और खलासी घायल हुए। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 35 वर्षीय खलासी लालसिंह निवासी कापराहू, तहसील चौहटन (बाड़मेर) को मृत घोषित किया, जबकि 25 वर्षीय चालक किशनलाल जाट निवासी चौहटन को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना पर पुलिस पहुंची। एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि ट्रोला शहर से सरदारशहर की ओर जा रहा था। आईटीआई मोड़ पर नियंत्रण खोने से वह सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा और मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया है और पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और अचानक मोड़ पर वाहन के डगमगाने की आशंका जताई गई है। विस्तृत जांच व ट्रोले की मैकेनिकल जांच कराई जाएगी।

## मंडावा में दिव्यांगजनों के लिए 13 नवम्बर को लगेगा शिविर

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)।** सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के द्वारा जिलें में ष्टस्= योजनान्तर्गत पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के तहत 13 नवम्बर को सुबह 9:30 बजे से सायं 04 बजे तक शिविर का आयोजन कार्यालय पंचायत समिति परिसर मंडावा में किया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुनिता धायल ने बताया कि शिविर में एलिम्को टीम द्वारा सहायक उपकरणों के लिए पात्र लोगो का चयन किया जाएगा। शिविर में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वृद्धजनों को व्हील चैयर, कमर एवं हाथ-पैर के पट्टे, बैल्ट, वॉकर, वाकिंग स्टिक, चश्मा, दांत, श्रवण यंत्र, कमोड युक्त व्हील चैयर इत्यादि आवश्यक उपकरणों के लिए वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हीकरण किया जाएगा एवं शिविर में दिव्यांगजनों के लिए एडिप योजना के तहत 60 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों के लिए मोटराईज्ड ट्राईसाइकल, सीपी चैयर, दृष्टि बाधितों हेतु स्मार्ट फोन, स्मार्ट केन एवं सुनने में असक्षम दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र इत्यादि उपकरणों हेतु दिव्यांगजनों चिन्हीकरण किया जाएगा। शिविर में लाभान्वित होने के लिए वृद्धजनों को आधार कार्ड (60 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के वृद्धजन) एवं वृद्धावस्था पेंशन प्रमाण पत्र/आय प्रमाण पत्र एवं 02 फोटो तथा दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, दिव्यांग पेंशन प्रमाण पत्र/आय प्रमाण पत्र एवं 02 फोटो सम्बन्धित दस्तावेज साथ लेकर आने होंगे।

## बालिकाओं को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**सरदारशहर(निसं.)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजन में एक महत्वपूर्ण सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशन में सहायक सामाजिक विकास अधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि नई पेयजल वितरण प्रणाली विकसित करने की परियोजना के तहत आदर्श कन्या छात्रावास वार्ड 22 में हनुमान धोंरा के पास आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस बालिकाओं को जल संरक्षण के महत्व और सरकार की लाभकारी जल वितरण योजनाओं के प्रति संवेदनशील बनाना था। इस प्रेरक कार्यक्रम में सोशल आउटरीच टीम के सदस्य पवन सिंह और हॉस्टल परिवार से मालाराम, कंचन, सवाई सिंह, खुशबू प्रजापत, प्रियंका, विद्या कंवर, कविता साहू ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। यह आयोजन न केवल जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा अपितु समाज के प्रत्येक वर्ग को जल के महत्व और इसके संरक्षण की अनिवार्यता का संदेश देने में भी प्रभावी सिद्ध हुआ।

# बिहार में बदलाव के नाम पर जनता ने दिया वोट, महा गठबंधन की बनेगी सरकार : सचिन पायलट

### सचिन पायलट ने अजमेर में स्पीकर वासुदेव देवनानी की पत्नी इंदिरा देवी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मंगलवार को अजमेर स्थित स्पीकर वासुदेव देवनानी के घर पहुंचे जहां उन्होंने देवनी की पत्नी अजमेर स्थित स्पीकर वासुदेव देवनानी के घर पहुंचे जहां उन्होंने देवनी की पत्नी इंदिरा अजमेर स्थित स्पीकर वासुदेव देवनानी के घर पहुंचे जहां उन्होंने देवनी की पत्नी इंदिरा देवी के फोटो पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पायलट ने देवनानी और उनके परिजनों को सांत्वना दी । मौके पर मौजूद पत्रकारों से बातचीत के दौरान सचिन पायलट ने कहा कि बिहार में बिहार के लोगों ने वहां बदलाव के नाम पर बड़ी संख्या में महागठबंधन के उम्मीदवारों को अपना मत और समर्थन दिया है इसलिए वहां पर महा गठबंधन की सरकार बनने जा रही है एक अन्य सवाल के जवाब में पायलट ने कहा कि मतदाता शुद्धिकरण का कार्य चाहे प्रदेश में हो या देश के अन्य राज्यों में पूरी पारदर्शक ढंग से यह कार्य होना चाहिए उन्होंने कहा कि अगर एक भी वास्तविक असली वोट नहीं डालता है तो फिर यह सीधा-सीधा लोकतंत्र पर हमला है उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को पॉलिटिकल पार्टियों को मतदाता सूची उपलब्ध करवानी चाहिए पायलट ने कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र में भी कांग्रेस की जीत होगी उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज दिख नहीं रही है प्रदेश की जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रही है। संवैधानिक संस्थाओं और लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है यह सब देश की जनता देख रही है पायलट ने कहा कि राहुल गांधी पूरी तैयारी के साथ मुद्दा उठाते हैं और उन्होंने हाल ही में हरियाणा में वोट चोरी को लेकर एक बार फिर से जो खुलासा किया है वह भी एक बड़ा गंभीर मामला है चुनाव आयोग को राहुल गांधी की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देना चाहिए। और राहुल गांधी की शिकायतों पर कार्रवाई भी करनी चाहिए। पायलट ने कहा कि यह अकेले राहुल गांधी से जुड़ा विषय नहीं है बल्कि यह देश की जनता चुनाव आयोग से पूछ रही है कि राहुल गांधी ने जो हरियाणा में वोट चोरी का खुलासा किया है उस पर चुनाव आयोग का जवाब क्या है । उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार ने बिहार विधानसभा चुनाव में अशोक गहलोत और सचिन पायलट इन दोनों ही नेताओं को स्टार प्रचारक के रूप में नियुक्त किया था। कांग्रेस पार्टी की ओर से 40 नेताओं को बिहार में स्टार प्रचारक बनाया गया था। बिहार में पहले चरण और दूसरे चरण इन दोनों ही चरण के चुनाव में गहलोत और पायलट को स्टार प्रचारक बनाया गया था। बिहार में अब 11 नवंबर को मतदान की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। अंता विधानसभा क्षेत्र और बिहार दोनों ही जगह पर 14 नवंबर को वोटो की गिनती का काम शुरू होगा और दोपहर से नतीजे आना भी शुरू हो जाएंगे।

## मौसमी और लाइफ स्टाइल से जुड़ी बीमारियों से बचाव पर दिया जोर

### आरोग्य समिति की त्रय मासिक व आयुष्मान आरोग्यमन्दिर की मासिक बैठक संपन्न



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** ज़िले के गुसांईसर ग्राम स्थित राजकीय आयुर्वेद औषधालय में रविवार को विभिन्न विभागीय गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान मनीष शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित आरोग्य समिति की बैठक में वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी लीलाधर शर्मा ने समिति का आय व्यय विवरण प्रस्तुत किया, औषधालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर की गतिविधियों की प्रगति से अवगत करवाया। शर्मा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर व औषधालय में गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध हैं जिनसे औषधालय परिक्षेत्र के अधिकाधिक लोगों को आयुष पद्धति की सुविधायें दी जाती हैं। बैठक में औषधालय व आयुष्मान आरोग्य मंदिर की जरूरत के मद्देनजर दानदाता के सहयोग से बोरवेल बनवाने व परिसर में सी सी कैमरे लगवाने का प्रस्ताव पारित किये गये। इसके तुरंत बाद आयुष्मान आरोग्य मंदिर टीम की मासिक बैठक रखी गई, जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्षेत्र की आशाओं द्वारा कैचमेंट एरिया के घरों का सर्वे करके भरे हुए फैमिली इंपैलनमैंट फार्म एवं सीबैक फार्म जमा किये गयेऔर आगामी माह के सर्वे के लिये प्रपत्र एवं घरों में वितरण हेतु ब्रोसर दिये गये। इसी दौरान दो माह में एक सात दिवसीय " जीवन शैली परिवर्तन" कैंप भी प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित जन को जीवन शैली को सही रखकर लाईफस्टाईल डिजीज (एनसीडी) से बचाव, मौसमी बीमारियों से बचाव की स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य दिनेश कटेवा, जगदीश प्रसाद शर्मा, धूड़ाराम प्रजापत, राजेन्द्र झिकनाडिया, रक्षा कत्थक पंच, ए एन एम ज्योति, आशा सुबीता देवी, नेमा देवी, सरोज, लोकेश कुमार (यो. प्र.) पुष्पा कुमारी (यो. प्र. म) आदि उपस्थित थे। औषधालय के वरिष्ठ कम्पाउंडर राकेश कुमार ने बैठकों की व्यवस्था की एवं समस्त कार्यवाही लिखित की। अध्यक्ष मनीष शर्मा ने समिति की कार्यवाही एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर की प्रगति को प्रशंसनीय बताया। सजगता से कर्तव्य पालन के लिए औषधालय स्टाफ की सराहना की, धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का विसर्जन किया गया।

## SIR-2026 के तहत सीकर में बीएलए-2 बैठकः हर बूथ पर परिगणना प्रपत्र भरवाने का लक्ष्य

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** निर्वाचन विभाग, राजस्थान के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (स्क्ष्र-2026) अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल की मंडल-स्तरीय बीएलए-2 बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विधायक रतन जी जलधारी ने की। बैठक में मंडल अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि सरकार द्वारा नियुक्त बीएलओ की सहायता के लिए सभी बूथ अध्यक्ष अपने साथ पाँच-पाँच कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर विशेष प्रयास से परिगणना प्रपत्र भरवाएंगे, ताकि मतदाता सूची अद्यतन कार्य समयबद्ध और त्रुटिरहित ढंग से पूरा हो सके। अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक टीम घर-घर संपर्क अभियान चलाएगी, नए और पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, प्रविष्टियों के शुद्धिकरण तथा स्थानांतरित/मृत मतदाताओं के विलोपन के प्रकरण निर्धारित प्रपत्रों में संकलित कर समय पर बीएलओ को सौंपेगी। विधायक रतन जलधारी ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए जागरूकता और सहायता—दोनों मोर्चों पर सक्रिय रहें, ताकि मतदाता सूची की गुणवत्ता बेहतर हो। कार्यक्रम में गोकुल प्रसाद माथुर, सुरेंद्र कुमावत, मनोज माथुर, कुमकुम माथुर, कपिल बियानी, नरेश सेन, मीनू सेन, दीनदयाल सैनी, लक्ष्मण प्रसाद अग्रवाल, मोहनलाल सैनी, विक्रम सिंह, महावीर प्रसाद सेन, शालिनी माथुर, सपना जैन, राजेंद्र सिंह, अविनाश शर्मा, भंवरलाल वर्मा, रिदम अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल और अशोक जी माथुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात दिल्ली ब्लास्ट में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। आयोजकों ने आगे भी नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रगति पर निगरानी रखने की घोषणा की।

## आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोरः जयपुर नगर निगम की पहली बैठक में प्रशासक पूनम का सख्त संदेश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** एकीकृत नगर निगम जयपुर की प्रथम बैठक मंगलवार को लालकोठी स्थित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन (मुख्यालय) में संभागीय आयुक्त एवं प्रशासक पूनम की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरुआत में प्रशासक ने अधिकारियों से परिचय लिया, जबकि नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने निगम की कार्यप्रणाली व प्राथमिकताओं का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में दोनों अतिरिक्त आयुक्त, वित्तीय सलाहकार, सभी जोन उपायुक्त तथा अधिशासी अभियंता उपस्थित रहे। प्रशासक पूनम ने साफ कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का धरातल पर तत्काल निस्तारण किया जाए, फील्ड टीमें सक्रिय रहें और विभागीय समन्वय के साथ समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कार्यों की दैनिक मॉनिटरिंग करने, फीडबैक-रिपोर्टिंग को सख्ती से लागू करने और जिम्मेदार इकाइयों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। आगामी आयोजनों—खेलो इंडिया और प्रवासी राजस्थानी दिवस—के मद्देनजर शहर को अलर्ट मोड पर रखने, तैयारियों को समय से पूरा करने और पर्यटन-आवागमन की दृष्टि से स्वच्छता व सुव्यवस्था बढ़ाने पर बल दिया गया। प्रशासक ने कहा कि शहर की सौंदर्य-वृद्धि के लिए प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों और पर्यटन स्थलों की विशेष सफाई, धूल-मुक्ति और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सड़कों पर आश्रयहीन पशुओं की आवाजाही रोकने के ठोस उपाय किए जाएं। आयुक्त डॉ. सैनी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई एवं सौंदर्यीकरण को मिशन मोड में आगे बढ़ाया जाए। टूटे-फूटे साइन बोर्ड तत्काल ठीक किए जाएं, सभी शाखाएँ आपसी समन्वय से काम करें और शहर को बदरंग करने वाले अवैध होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटाए जाएं। बैठक के अंत में प्रशासक ने स्पष्ट किया कि नागरिक हित से जुड़े कार्यों में गति, पारदर्शिता और दृष्टिगोचर सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता होगी तथा तय मानकों पर खरे न उतरने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## *रतनगढ़ में पुलिस की बड़ी कार्रवाईः टोल प्लाज़ा के पास ट्रक से 359.56 किलो डोडापोस्त छिलका बरामद*

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमवार देर शाम मेगा हाइवे स्थित पड़िहारा टोल प्लाज़ा के पास खड़े एक ट्रक से 359 किलो 560 ग्राम डोडापोस्त छिलका बरामद किया। जब्त माल का बाजार मूल्य करीब 18 लाख रुपए आंका गया है। सीआई गौरव खिड़िया के अनुसार सब-इंस्पेक्टर गिरधारीलाल पुलिस जाप्ते के साथ गश्त पर थे, तभी एक ट्रक संदिग्ध हालात में खड़ा मिला। ट्रक के पास मौजूद दो युवक तिरपाल बांध रहे थे और पुलिस को देखकर ट्रक में सवार होकर जाने की कोशिश करने लगे। रोककर पूछताछ में उन्होंने ट्रक में नमक होने की बात कही, पर तलाशी में नमक की बोरियों के नीचे 18 कट्टों में डोडापोस्त छिलका मिला। पुलिस ने माल और ट्रक दोनों जब्त कर 35 वर्षीय चालक विजय उर्फ़ थॉमस उर्फ़ बिल्ला (निवासी ईशानगढ़ी, पंजाब) तथा 19 वर्षीय खलासी सुमित डूमा (गांव देहरा, हिमाचल प्रदेश) को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वे मध्यप्रदेश से पंजाब की ओर जा रहे थे। प्रकरण में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को सुजानगढ़ न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 15 नवम्बर तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अब तस्करी नेटवर्क, सप्लाई चेन, ट्रक स्वामित्व व पंजीयन विवरण की जांच कर रही है। साथ ही टोल प्लाज़ा व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि स्रोत और गंतव्य से जुड़े अन्य कड़ियों का पता लगाया जा सके।

## राजीविका स्टेट ब्रांड एंबेसडर रूमा देवी 13 नवंबर को आएंगी झुंझुनू : जिले की महिलाओं से करेगी संवाद

**झुंझुनूं(निसं.) ।**महिला सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित, हावर्ड स्पीकर व राजीविका की राज्य ब्रांड एंबेसडर डॉ रूमा देवी 13 नवंबर को झुंझुनूं आएंगी। राजस्थान ग्रामीण विकास परिषद एवं रूमा देवी फाउंडेशन के सहयोग से रूमा देवी संग महिला सशक्तिकरण का जिला स्तरीय संवाद कार्यक्रम सूचना केंद्र सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में डॉ रूमा देवी महिलाओं से सीधे और अलग अलग व्यक्तिगत संवाद करके उनके जीवन अनुभवों, संघर्ष ,और आजीविका संबंधी अनुभवों को सुनेगी। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और उद्यमशिलता की दिशा में प्रेरित करेगी। संवाद के दौरान महिलाएं अपने सामने आने वाली मार्केटिंग, ब्रांडिंग, पैकेजिंग इत्यादि चुनौतिया ओर नवाचारो पर सुझाव साझा करेगी।

## दिल्ली में बम धमाके के बाद उत्तर पश्चिम रेलवे के स्टेशनों व ट्रेनों में सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध

### नियमित मॉनिटरिंग, गश्त और अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से सुरक्षा प्रबंध मजबूत किए गए



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के स्टेशनों और ट्रेनों में यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कन्ट्रोल रूम से नियमित मॉनिटरिंग गश्त और सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। रेलवे परिसर और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अमिताभ, महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा बैठक में अधिकारियों को दिशानिर्देश प्रदान किए गए। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा स्टेशनों और ट्रेनों में लगातार गश्त के माध्यम से निगरानी रखा जा रही है। और स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल के कन्ट्रोल रूम से हर स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय पुलिस के समन्वय से सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत बनाया गया है। स्टेशनां पर यात्रियों के आगमन पर उनके सामान की जांच बैगेज स्केनर के माध्यम से की जा रही है और प्रमुख स्टेशनों पर डॉग स्क्वाड़ द्वारा भी नियमित रूप से गश्त की जा रही है उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर स्टेशन पर 5 गांधीनगर, जयपुर ,,अजमेर, जोधपुर व बीकानेर स्टेशनों पर 2-2 और दुर्गापुरा एवं भगत की कोठी स्टेशनों पर 1-1 बैगेज स्कैनर मशीने कार्य कर रही है। इसके अतिरिक्त हेंड हेल्ड मैटल डिटक्टर और डोर फ्रेम मैटल डिटक्टर भी प्रमुख स्टेशनों पर उपलब्ध है। इन मशीनों के उपयोग से प्लेटफॉर्म में प्रवेश करने वाले यात्रियों और उनके सामान की गहनता के साथ जांच की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रमुख स्टेशनों जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, गांधीनगर, जयपुर, ,भगत की कोठी हिसार, रेवाड़ी हिसार, अलवर, किशनगढ़, उदयपुर सिटी, दौसा, बाडमेर इत्यादि में स्टेशन परिसर की नगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों द्वारा कन्ट्रोल रूम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। रेलवे द्वारा स्टेशनों और ट्रेनों में गश्त करने वाले रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए गए है। सभी यात्रियों से अनुरोध है कि स्टेशन परिसर एवं ट्रेन में किसी भी तरह की संदिग्ध या लावारिस वस्तु दिखाई देने पर तुरंत रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारी अथवा रेलवे कर्मचारी को सूचना देवे। इसके साथ ही हेल्पलाइन नम्बर 139 अथवा रेल मदद पोर्टल के माध्यम से भी यात्री संदिग्ध अथवा लावारिश वस्तु की जानकारी सूचना और शिकायत दे सकते है। यात्रियों से निवेदन है कि ट्रेन आगमन के आधे घंटे पूर्व स्टेशन आए ताकि सुरक्षा संबंधी सभी जांच सुनिश्चित की जा सके ताकि यात्रियों को ट्रेन पकडने में किसी प्रकार की हडबड़ी नहीं हो सके।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।